जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 155 प्रभात बीकानेर, गुरुवार 26 दिसम्बर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

## 'मौका मौका हर बार धोखा'

### कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा के खिलाफ बुकलैट जारी की

- **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि आप 11 साल से दिल्ली में सत्तारूढ़ है और भाजपा 2014 से केन्द्र में, पर दोनों के आरोप-प्रत्यारोप में दिल्ली की जनता फंस गई है। दोनों ने दिल्ली की जनता के साथ विश्वासघात किया है।**
- **बुकलैट दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने जारी की। इस दौरान पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा वरिष्ठ नेता काज़ी निज़ामुद्दीन मौजूद थे।**

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। दिल्ली विधानसभा चुनावों से पूर्व कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी की सरकार और केन्द्र सरकार की कारगुजारियों पर एक पुस्तिका जारी की है।

पुस्तिका का शीर्षक है "मौका मौका हर बार धोखा"। पुस्तिका को दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने जारी की है, इस दौरान वरिष्ठ पार्टी नेता अजय माकन और काज़ी निजामुद्दीन भी मौजूद थे।

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार एक दूसरे पर आरोप लगाती है। जनता दोनों के बीच पिस रही है। इन दोनों ने दिल्ली को नफरत का बाज़ार बना दिया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, "कोविड महामारी के दौरान, लोगों को अपने रिश्तेदारों के शवों के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ा। दिल्ली में ऑक्सीजन और आई.सी.यू. की कमी पड़ गई थी। उस समय, दिल्ली सरकार अस्पताल बनवाने के बजाय, "शीश महल" बनाने पर पैसा खर्च कर रही थी और उधर भाजपा के केन्द्र सरकार "सैन्ट्रल विस्टा प्रोजैक्ट" का निर्माण कर रही थी।"

पूर्व मुख्यमंत्री तथा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुये, माकन ने कहा, "वे अपनी जेब में 2 रू. वाला पैन रखते हैं, अपनी पार्टी का नाम "आम आदमी पार्टी" रखा है, लेकिन स्वयं किसी राजा की तरह "शीश महल" में रहते हैं।

इसी प्रकार के भाव व्यक्त करते हुये, दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा, "आप दिल्ली में पिछले 11 साल से सत्ता में है और भाजपा 2014 से केन्द्र में सत्ता में है। दिल्ली की जनता ने इन दोनों सरकारों को बड़ी आशाओं-अपेक्षाओं के साथ चुना था, लेकिन इतने वर्षों में जनता के हिस्से में केवल झूठे वादे तथा विश्वासघात ही आये हैं।"

दिल्ली के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का जिक्र करते हुये, यादव ने जोर देते हुये कहा कि 15 वर्षों के कांग्रेस शासन के दौरान, चाहे विकास का मोर्चा रहा हो या सामाजिक क्षेत्र का, पार्टी ने शासन-प्रशासन के नये आयाम हासिल किये। उन्होंने आगे कहा, "हमारी सरकार ने, गरीबों, महिलाओं तथा युवाओं सहित, प्रत्येक वर्ग के लिए काम किया था। उन वर्षों में दिल्ली को विश्व-स्तरीय शहर बनाने के लिये एक मजबूत नींव रखी गई थी।"

कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी निजामुद्दीन ने कहा, "आप और भाजपा एक-दूसरे पर दोषारोपण का खेल खेलती रहेंगी। जनता के लिये काम केवल कांग्रेस ही करेगी।

दिल्ली में अपने बलबूते पर सत्ता में लौटने के विश्वास के साथ, पार्टी आगामी विधानसभा अकेले ही लड़ेगी। अब तक पार्टी दो सूचियाँ जारी कर चुकी हैं। पार्टी ने मंगलवार रात को आगामी चुनावों के लिये 26 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इस सूची में शामिल प्रतिष्ठित उम्मीदवारों में राजेश लिलोठिया (सीमापुरी) तथा मुकेश शर्मा (उत्तम नगर) शामिल हैं। दिल्ली की 70 सीटों के विधानसभा चुनाव अगले वर्ष के शुरु में होने हैं।

## ऑरिएंटल इंश्योरैंस कंपनी पर 70 हजार रूपए का हर्जाना

जयपुर, 25 दिसंबर। जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय ने इलाज में लापरवाही बरतने पर चिकित्सक पर लगाए दस लाख रुपए का, डॉक्टर्स पॉलिसी के तहत, भुगतान नहीं करने पर

- **बीमा कंपनी ने चिकित्सक की लापरवाही पर उक्त डॉक्टर को डॉक्टर्स पॉलिसी क्लेम देने से इन्कार कर दिया था।**

ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी पर 70 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही क्लेम राशि के दस लाख रुपए भी नौ फीसदी ब्याज सहित अदा करने को कहा है। आयोग ने यह आदेश डॉ. अंकित माथुर के परिवाद पर दिए। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि अदालतों में चल रही कार्रवाई के चलते परिवादी समय पर क्लेम पेश नहीं कर सका। वहीं, बीमा कंपनी का क्लेम अदायगी नहीं करना अनुचित व्यापार प्रथा को दर्शाता है।

परिवाद में अधिवक्ता अजय राज टाटिया ने बताया कि परिवादी कार्डियो वेस्क्यूलर सर्जन के तौर पर नारायणा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद नड्डा का पहला दौरा

### संगठन में बदलाव व मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच दौरे का महत्व बढ़ा

- **नड्डा गुरुवार की रात जयपुर पहुँचेंगे। शुक्रवार को वे प्रदेश कार्यालय में वे पार्टी पदाधिकारियों व नेताओं से संवाद करेंगे।**

जयपुर, 25 दिसम्बर। प्रदेश में संगठनात्मक फेरबदल और मंत्रिमण्डल विस्तार की चर्चाओं के बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जयपुर का दो दिवसीय दौरा करेंगे। नड्डा गुरुवार रात 11 बजे जयपुर पहुंचेंगे। शुक्रवार को 11:30 से 2:30 बजे तक स्वामित्व योजना कार्यक्रम के तहत एग्रीकल्चर मैनेजमेंट दुर्गापुरा में रहेंगे। दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय में वे प्रमुख भाजपा पदाधिकारियों व नेताओं के साथ संवाद करेंगे, उसके बाद शाम 5 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद जेपी नड्डा पहली बार प्रदेश भाजपा कार्यालय आ रहे हैं। इससे पहले, वे विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान जयपुर आए थे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, अध्यक्ष बनने के बाद से पुरानी टीम के साथ ही काम कर रहे हैं। अब उनकी नई टीम का गठन होना है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का संगठन पर्व भी चल रहा है, जिसमें बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव होना है।

प्रदेश में बूथ और मंडल के चुनावों की समय सीमा निकल गई है। लेकिन कई जगह पर अभी भी बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के चुनाव नहीं हो सके हैं। माना जा रहा है कि नड्डा इन तमाम मुद्दों को लेकर प्रमुख पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर सकते हैं। नड्डा की बैठक से पहले, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल प्रदेश भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। वे नड्डा की बैठक में भी मौजूद रहेंगे।

नड्डा की जयपुर यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात के दौरान मंत्रिमण्डल विस्तार और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर भी चर्चा होने की संभावना हैं। हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की थी। उसके बाद से मंत्रिमंडल विस्तार व मंत्रिमंडल फेरबदल की प्रदेश में चर्चा शुरू हो गई। अब इन सभी चर्चाओं के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जयपुर दौरा और भाजपा मुख्यालय में उनका कार्यक्रम विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है।

केन्द्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत, शुक्रवार को प्रदेश के 1.50 लाख से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को जमीन के पट्टे दिए जाएंगे। प्रदेश के पुराने 33 जिला मुख्यालयों पर पट्टे बांटे जाएंगे।

इसके लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को बुलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## क्या होगा दिल्ली की महिला सम्मान व संजीवनी योजनाओं का

### दिल्ली सरकार के दो विभागों ने इन योजनाओं को अवैध बताते हुए नोटिस छपवाये

- **दिल्ली के महिला बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय अखबारों में सार्वजनिक नोटिस छपवा कर जनता को धोखाधड़ी से बचने के लिये आगाह किया।**

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार की तरफ से घोषित मुख्यमंत्री महिला सम्मान और संजीवनी योजना पर विवाद खड़ा हो गया है। संबंधित विभाग ने नोटिस जारी कर जनता को अगाह किया है कि ये योजनाएं अभी दिल्ली में आधिकारिक तौर पर लागू नहीं की गई है। एक सार्वजनिक नोटिस में दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा है कि उन्हें मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी मिली है कि एक राजनीतिक दल मुख्यमंत्री महिला सम्मान के तहत दिल्ली की महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह देने का दावा कर रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आज राष्ट्रीय समाचार पत्रों में जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा, "यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की गई है।

विभाग ने कहा, इस बात पर जोर दिया जाता है कि चूंकि ऐसी कोई योजना अस्तित्व में नहीं है, इसलिए इस गैर-मौजूद योजना के तहत पंजीकरण के लिए फॉर्म/आवेदन को स्वीकार करने का सवाल ही नहीं उठता। कोई भी निजी व्यक्ति/राजनीतिक दल जो इस योजना के नामपर फॉर्म/आवेदन एकत्र कर रहा है या जानकारी एकत्र कर रहा है वह जनता से धोखाधड़ी कर रहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की तरफ से भी कहा गया है कि "विभिन्न समाचार चैनलों/प्रिंट मीडिया के माध्यम से सामने आया है कि दिल्ली के निवासियों के बीच "संजीवनी योजना" नामक एक कथित योजना का प्रचार किया जा रहा है, जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दिल्ली के सभी अस्पतालों (सरकारी या निजी) में आय मानदंड की परवाह किए बिना फ्री उपचार प्रदान करने का दावा किया गया है।

"इसके अलावा यह भी विभाग के संज्ञान में आया कि इस योजना के तहत भौतिक फॉर्म भरकर नामांकन कराने के लिए कुछ राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों/स्वयंसेवकों द्वारा पंजीकरण अभियान भी शुरू किया गया है। इसके साथ ही कथित पंजीकरण फॉर्म में वरिष्ठ नागरिकों का विवरण मांगा जा रहा है, जिसमें फोन नंबर, पता, आधार और बैंक खाते का विवरण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सूचना निकलवाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही होगी- आतिशी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। दिल्ली में महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच तलवारें खिंच गई हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि भाजपा ने अधिकारियों पर दवाब बनाकर यह नोटिस जारी किया है कि ये योजनाएं अस्तित्व में नहीं हैं। आतिशी ने कहा, दोषी अधिकारियों के ऊपर करवाई की जाएगी।

- **उन्होंने कहा, योजनाओं को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है।**

वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सूत्रों के अनुसार, हाल ही में सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभाग के बीच एक बैठक हुई थी और उनसे सीएम के खिलाफ कोई झूठा मामला बनाकर सीएम आतिशी को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया है।

केजरीवाल ने कहा कि हमने महिला सम्मान योजना और वरिष्ठ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हाइवे के किनारे मवेशियों के लिए शैल्टर बनेंगे, जोधपुर से होगी शुरुआत

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मवेशियों के कारण होने वाले सड़क हादसों को नियंत्रित करने के लिए यह योजना बनाई है

- **यह योजना जोधपुर रिंग रोड के डांगियावास से जयवाल सैक्शन के बीच एन.एच. 112 पर शुरु होगी।**
- **यू.पी. व हरियाणा बॉर्डर से एन.एच. 334 बी पर भी शैल्टर बनाए जाएंगे।**
- **सूत्रों ने बताया कि शैल्टर में मवेशियों के लिए चारा व पानी के साथ इलाज की भी व्यवस्था होगी।**

-जाल खंबात-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) ने सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने व मवेशियों के कारण होने वाले सड़क हादसों की चुनौतियों से निपटने के लिए सड़क किनारे मवेशियों के लिए शैल्टर खोलने पर विचार कर रही है।

एन.एच.ए.आई. की इस पहल का उद्देश्य सड़क-यात्रियों के लिये अधिक सुरक्षित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना तथा कई राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर आ जाने वाले आवारा पशुओं की समस्या से निबटना हैं।

हालाँकि, इस दिशा में पहले भी कई कदम उठाये गये हैं, लेकिन उन्हें कई सामाजिक तथा संवेदनशील मुद्दों के चलते अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

ये शैल्टर क्षेत्र 0.21 से 2.29 हेक्टेअर में बनेंगे। इस पायलट प्रोजैक्ट के अन्तर्गत, ये शरणगाह आवारा पशुओं के लिये सुरक्षित स्थानों पर रणनैतिक रूप से स्थापित किये जायेंगे तथा इस प्रकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर उनके आने-जाने में कमी आ जायेगी।

इस योजना की क्रियान्विति राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 112 पर जोधपुर रिंग रोड के जोधपुर सैक्शन के डाँगियावास-जयवाल क्षेत्र के साथ ही, अन्य कई राष्ट्रीय राजमार्गों के हिस्सों पर की जायेगी। इनमें एन.एच.-334 बी का उत्तर प्रदेश-हरियाणा बॉर्डर सैक्शन भी शामिल है, जहाँ ये शरणगाह खरखोड़ बाईपास पर तथा एक अन्य शरणगाह एन.एच.-148 बी के भिवानी-हाँसी सैक्शन के हाँसी बाईपास पर बनाया जायेगा।

विभिन्न राज्यों की बहुत सी अदालतें राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं की आवाजाही के कारण होने वाले बदलावों के प्रस्तावों के लिये बहुत उत्सुक थीं। एन.एच.ए.आई. ने वर्तमान कन्सेशनायर, गावर कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ एग्रीमैंट पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। इन अनुबंध के तहत, कन्सेशनायर एन.एच.ए.आई. द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर केटल-शैल्टरों का निर्माण करेगी। यह कंपनी इन शैल्टरों का रख-रखाव भी करेगी, पशुओं को पर्याप्त चारा-पानी तथा प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करायेगी तथा पूरी कन्सेशन अवधि केयरटेकर्स की व्यवस्था करेगी, जो पशुओं की खुशहाली सुनिश्चित करेंगे।

ये कन्सेशनायर घायल हुये आवारा पशुओं के इलाज के लिये लाने ले जाने के लिये मवेशी-एम्बुलैंस भी रखेगी। इन मवेशियों को समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिये दोनों तरफ 50 किमी पर प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र तथा पशु अस्पताल स्थापित करेंगी। इन शरणगाहों के निर्माण तथा रख-रखाव के अलावा, ये कन्सेशनायर आवारा पशुओं को इन सुविधाओं तक सुरक्षित रूप से ले जाने तथा लाने की सुरक्षित व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगी तथा "कैटल ट्रैसपास एक्ट, 1871 के प्रावधनों को सख्ती से लागू करेंगी।

एन.एस.ए.आई. चैयरमैन, संतोष कुमार यादव ने कहा कि यह एन.एच.ए.आई. की निष्ठा की क्रियान्विति की दिशा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ को बाघ मिलेंगे

भोपाल, 25 दिसंबर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर, राज्य शासन द्वारा राजस्थान, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ राज्य को बाघ हस्तांतरित करने के आदेश जारी कर दिये गये हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जारी आदेश में, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, पेंच टाइगर रिजर्व और कान्हा टाइगर रिजर्व से राजस्थान को 4 मादा बाघ, उड़ीसा को एक नर एवं 2 मादा बाघ और छत्तीसगढ़ राज्य को 2 नर एवं 6 मादा

- **मध्य प्रदेश राजस्थान को 4 मादा बाघ देगा।**

बाघ सौंपे जायेंगे।

जारी आदेश में कहा गया है कि बाघ देने की सैद्धांतिक प्रक्रिया में बाघ एवं बाघिन को ट्रांसलोकेट करने की कार्यवाही अधिकृत पशु चिकित्सक की देखरेख में की जाये। बाघों के जीवन को किसी प्रकार का खतरा न हो, इसका ध्यान रखा जाये। ट्रांसलोकेट किये जाने का सम्पूर्ण व्यय संबंधित राज्य द्वारा वहन किया जायेगा। हस्तांतरण की विधिवत अनुमति केन्द्र सरकार से प्राप्त की जाये।

## 2025 में भारत की पर्यटन ग्रोथ रेट चीन को भी पीछे छोड़ देगी

### भारत से विदेश जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 17 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है

- **वर्ल्ड ट्रैवल एण्ड टूरिज़्म काउन्सिल का अनुमान है कि भारत का पर्यटन उद्योग वर्ष 2034 तक दोगुना हो कर 523 अरब डॉलर तक पहुँच जाएगा, इससे विभिन्न स्किल्स के 1.8 करोड़ रोजगार सृजित होंगे।**
- **काउन्सिल की अध्यक्ष जूलिया सिम्पसन ने कहा, भारत पर्यटन क्षेत्र का ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भारी योगदान है, लेकिन पर्यटन के विस्तार की तुलना में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आई है, जो भारतीय पर्यटन उद्योग की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है।**
- **ट्रैवल एण्ड टूरिज़्म से जुड़ी कई अन्य संस्थाओं और फर्मों ने पर्यटन के क्षेत्र में भारत के लिए उत्साहवर्धक भविष्यवाणियाँ की हैं और कहा है कि पर्यटन का स्तर जल्दी ही कोविड से पहले वाले स्तर तक पहुँच जाएगा।**

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। सन् 2025 में भारत से अन्य देशों को जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 17 प्रतिशत वृद्धि के साथ महत्वपूर्ण बढ़ोतरी देखी जाएगी तथा 29 मिलियन पर्यटकों की यह अनुमानित संख्या, जहाँ, चीन से बाहर जाने वाले कुल पर्यटकों की संख्या का मात्र 20 प्रतिशत है, वहीं, भारत की पर्यटन ग्रोथ देश के उत्तरी पड़ौसी देश को पीछे छोड़ रही है। वीसा में छूट के कारण भारतीय यात्रियों में से अधिकतर एशिया के अंदर यात्रा करेंगे, लेकिन प्रमुख गतंव्य स्थानों में मिडिल ईस्ट और अमेरिका भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि भारतीय पर्यटक औसतन 1400 डॉलर प्रति व्यक्ति खर्च करेंगे, जो कि 1,033 डॉलर वैश्विक औसत से काफी अधिक है।

वर्ल्ड ट्रैवल एण्ड टूरिज़्म काउन्सिल (डब्ल्यु.टी.टी.सी.) के पूर्वानुमान के अनुसार, भारत का टूरिज़्म सैक्टर 2034 तक दोगुना होकर, 523 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा। इस ग्रोथ के कारण 18 मिलियन नए रोजगार सृजित होने का अनुमान है, जिससे इस क्षेत्र का कुल रोजगार 63 मिलियन तक पहुँच जाएगा। डब्ल्यु.टी.टी.सी. अध्यक्ष जूलिया सिम्पसन ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा हॉस्पिटैलिटी प्रमुख आकर्षण हैं। देश की जी.डी.पी. में पर्यटन का योगदान 7 प्रतिशत है और यह विभिन्न प्रकार की स्किल्स को रोजगार भी प्रदान करता है।

सिम्पसन ने पर्यटन से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी बात की। भारत में उत्सर्जित कुल ग्रीन हाउस गैसों, खासकर कार्बन डाईऑक्साइड का 5 प्रतिशत पर्यटन की ही देन है। हालांकि पर्यटन का विस्तार जारी है, पर कार्बन उत्सर्जन की गति धीमी हो गई है, यह बात पर्यटन में बढ़ती दक्षता को दर्शाती है।

सिम्पसन ने भारत सरकार के साथ मजबूत सहयोग पर जोर दिया ताकि जो परम्परा चली आ रही हैं, उन्हें प्रोत्साहन दिया, जा सके, खासकर उड्डयन क्षेत्र में। सिम्पसन ने एविएशन फ्यूल के तहत उत्पादन के लिए प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने तटवर्ती क्षेत्रों एवं नैचुरल लैंड स्केप के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया, जो कि अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के अक्षय ऊर्जा के प्रति संकल्प की तारीफ की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## करंट से मौत, जयपुर डिस्कॉम पर 17.66 लाख का हर्जाना

जयपुर, 25 दिसंबर। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-4 महानगर प्रथम ने 11 केवी के तार से करंट लगने के चलते युवक की मौत के मामले में जयपुर डिस्कॉम पर 17.66 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। पीठासीन अधिकारी मुकेश परनामी ने डिस्कॉम को आदेश दिए हैं कि वह हर्जाना राशि

- **अतिरिक्त जिला न्यायालय ने करंट से मरने वाले युवक के परिजनों के परिवाद पर यह आदेश दिया।**

पर छह फीसदी ब्याज भी अदा करे। अदालत ने चेताया है कि यदि 45 दिन में हर्जाना राशि का भुगतान नहीं किया गया तो डिस्कॉम को इस राशि पर नौ फीसदी ब्याज देना होगा। अदालत ने यह आदेश ढोढसर निवासी रेखा देवी व अन्य के परिवाद पर दिए।

परिवाद में अधिवक्ता मुकेश व्यास ने अदालत को बताया कि 9 सितंबर, 2019 को रामकिशोर घर की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

भातृभाव का अस्तित्व केवल आत्मा में और आत्मा के द्वारा ही होता है, यह और किसी के सहारे टिक ही नहीं सकता। –श्री अरविंद

# कर्ज के मकड़जाल में ग्रामीण, जागरुक होना जरुरी

यावज्जीवेत सुखं जीवेद, ऋणं कृत्वा घृतं पीवेत। भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमन कुतः।। लगता है चार्वाक का यह मूल मंत्र ग्रामीण क्षेत्र में भी असर दिखाने लगा है। सांख्यिकी मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट तो इसी और इशारा करने लगी है। सांख्यिकी मंत्रालय की व्यापक वार्षिक माड्यूलर रिपोर्ट के अनुसार शहरों की तुलना में अब गांवों में कर्जदार अधिक होते जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार गांवों में प्रति एक लाख पर 18714 लोगों ने किसी ना किसी तरह का कर्ज लिया है वहीं शहरी क्षेत्र का यह आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में कुछ कम 17442 है। सबसे अच्छी बात यह है कि अब संस्थागत ऋणों की उपलब्धता सहज हो गई है पर गैर संस्थागत ऋण प्रदाताओं ने भी तेजी से पांव पसारे हैं। इन गैर संस्थागत ऋण प्रदाताओं में कहीं ना कहीं पुराने साहूकारों की झलक दिखाई देती है और यही चिंता का विषय है। दूसरी चिंता का कारण संस्थागत ऋण में भी इस तरह के ऋणों की ब्याजदर कहीं अधिक है और उससे भी ज्यादा गंभीर यह है कि संस्थागत हो या गैर संस्थागत ऋण प्रदाता ऋणी की एक किशत भी समय पर जमा नहीं होती है तो फिर दण्डनीय ब्याज, वसूली के नाम पर संवर्क और पत्राचार आदि का खर्चा और इसी तरह के अन्य छुपे चार्जेज ऋणी की कमर तोड़ने में काफी है।

इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि शहरी नागरिकों की तरह ही ग्रामीण नागरिकों के जीवन स्तर और रहन-सहन में सुधार होना चाहिए। शहरों से किसी भी क्षेत्र में ग्रामीण पीछे नहीं रहने चाहिए। पर सवाल यह है कि कुछ इस तरह के ऋण होते हैं जिन्हें होड़ा होड़ी में ले लिया जाता है और उसका सीधा असर कर्ज के मकड़जाल में फंसने की तरह हो जाता है। सांख्यिकी मंत्रालय के आंकड़े तो यह भी बताते है कि ग्रामीण क्षेत्र में ऋण लेने में महिलाएं भी कहीं पीछे नहीं है और महिला ऋणियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। दरअसल चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र अधिकतर व्यक्तिगत ऋण घरेलू जरुरतों को पूरा करने, बच्चों की पढ़ाई लिखाई, खान-पान और शानो शोकत से रहने के लिए पहनावे आदि के लिए ऋण लिया जाता है। गांव और शहरों में एक अंतर यह है कि शहरों में स्वास्थ्य सेवाएं सरकारी स्तर पर भी आसानी से उपलब्ध है वहीं गांवों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक खर्च करना पड़ता है। यही कारण है कि शिक्षा और स्वास्थ्य जरुरतों को पूरा करने के लिए भी ग्रामीणों को ऋण लेना पड़ता है। यह सब कृषि कार्यों के लिए लिए जाने वाले ऋण से अलग हटकर है। वैसे भी अधिकांश स्थानों पर संस्थागत कृषि ऋण लगभग जीरो ब्याजदर पर या नाममात्र के ब्याज पर उपलब्ध होता है पर नकारात्मक प़क्ष यह है कि बिना ब्याज के ऋण को समय पर नहीं चुका कर कर्ज माफी के राजनीतिक जुमले के चलते जीरो ब्याज सुविधा से भी बंचित हो जाते हैं। खैर यह विषय से भटकाव होगा।

**दरअसल जब ऋण प्रदाता संस्था से ऋण लिया जाता है तो उस समय पर जो डाक्यूमेंट होता है वह इतना बड़ा और जटिल होता है कि उसे पूरा देखा ही नहीं जाता है और ऋण दिलाने वाला व्यक्ति टिक लगाये स्थानों पर हस्ताक्षर करने पर जोर देता है। पढ़ा-लिखा और समझदार व्यक्त भी पूरे डाक्यूमेंट से गो थ्रू नहीं होता और परिणाम यह होता है कि बाद में दस्तावेज के प्रावधानों के कारण दो-चार होना पड़ता है। हस्ताक्षर करने से हाथ बंध जाते है।**

शहरों की तरह गांव भी आधुनिकतम सुख सुविधाओं से संपन्न हो इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। विकास की गंगा भी सभी तरफ समान रुप से बहनी चाहिए। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता। बल्कि यह सबका सपना है। ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ते कर्ज के पीछे जो चिंतनीय बात है वह यह है कि कहीं ग्रामीण कर्ज के मकड़जाल में फंसकर कुछ पाने की जगह खो अधिक दे। इसका बड़ा कारण यह है कि संस्थागत ऋण यानी कि बैंकों द्वारा दिए जाने वाले ऋण हो या फिर गैर संस्थागत ऋण परेशानी इनकी वसूली व्यवस्था को लेकर होती है। जितने ऋण देते समय सहृदय होते हैं ऋण की किशत की वसूली के समय उतने ही बेदर्द होने में कोई कमी नहीं रहती। शहरों में आए दिन रिकवरी एजेंटों के व्यवहार से दो-चार होते देखने में आ जाते है। गांवों में तो वसूली करने वालों के टार्चर के हालात बदतर ही होंगे। ऐसे में समय रहते इस विषय में सोचना ही होगा।

यह अच्छी बात है कि ग्रामीण अपने जीवन स्तर के लिए चिंतित है और इसके लिए ऋण सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। इसे ग्रामीण क्षेत्र की बहबुदी का शुभ संकेत माना जा सकता है। पर सरकार और इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी संगठनों के सामने बड़ी जिम्मेदारी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने की आ जाती है। दरअसल जब ऋण प्रदाता संस्था से ऋण लिया जाता है तो उस समय पर जो डाक्यूमेंट होता है वह इतना बड़ा और जटिल होता है कि उसे पूरा देखा ही नहीं जाता है और ऋण दिलाने वाला व्यक्ति टिक लगाये स्थानों पर हस्ताक्षर करने पर जोर देता है। पढ़ा-लिखा और समझदार व्यक्त भी पूरे डाक्यूमेंट से गो थ्रू नहीं होता और परिणाम यह होता है कि बाद में दस्तावेज के प्रावधानों के कारण दो-चार होना पड़ता है। हस्ताक्षर करने से हाथ बंध जाते है। सवाल यह कि अभियान चलाकर यह बताया जाना जरुरी है कि ऋण की एक भी किशत चुक गए तो कितना नुकसान भुगतना पड़ जाएगा और यदि दुर्भाग्यवश दो-तीन किशत नहीं चुका पाये तो हालात बदतर हो जाएंगे और जिस तरह से किसी जमाने में साहूकार के चंगुल में फंस जाते थे वो ही हालात होने में देर नहीं लगती। दूसरा यह कि ऋण लेते समय प्राथमिकता भी साफ होनी चाहिए। केवल देखा देखी ऋण लेने की होड़ भी नुकसानदायक हो जाती है। गांवों में खेती की जमीन बेच कर अनावश्यक व दिखावे में राशि खर्च करने के दुष्परिणाम सामने हैं। ऐसे में बैंकों और एनजीओज को सामाजिक दायित्व समझते हुए अवेयरनेस प्रोग्राम चला कर लोगों को जागृत करना ही होगा नहीं तो कर्ज का यह मर्ज गंभीर रुप लेने में देरी नहीं लगायेगा।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
(वरिष्ठ लेखक)

## राशिफल गुरूवार 26 दिसम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, स्वाती नक्षत्र सायं 6:10 तक, सुकर्मा योग रात्रि 10:23 तक, बव करण दिन 11:37 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सफला एकादशी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:35 तक। चर 11:10 से 12:27 तक, लाभ-अमृत 11:17 से 3:02 तक, शुभ 4:14 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:18, सूर्यास्त 5:37




**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**वृष**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।




**मिथुन**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।




**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में संयम रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को तनाव पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।




**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।




**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।




**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।



**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।



**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# केंद्र सरकार फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा किन आधारों पर व कैसे करती है? कैसे सुधारों की आवश्यकता है?



महावीर सिंह

किसी अखबार में एक कुछ सकून देने वाला समाचार पढा था कि संसद की एक समिति नें MSP की कानूनी गारंटी देने की सिफारिश की है और रिपोर्ट संसद को सौंप दी है। आंशिक सकून देने वाला समाचार है क्योंकि अधिकांशतः सरकारी स्तर पर MSP की कानूनी गारंटी के विरोध में तरह तरह के तर्क, कुतर्क प्रस्तुत किये जाते रहते है। कोई कहता है खुला बाजार विकृत हो जाएगा, कोई कहता है कि सरकार का सारा बजट फसलों की ख़रीदयी में ही चला जाएगा। सामान्य कामकाज व विकास के लिए तो बजट ही नहीं बचेगा।

एक आम आदमी पूछता है, क्या व्यापारी खाद्यान व्यापार पूर्णतः बंद कर देंगे? क्या लोग अन्न सेवन बंद कर देंगे? क्या सारा अन्न सरकार को खरीदना पड़ेगा? क्या सरकार खरीदे हुए अन्न को लोगों में वितरित नहीं करेगी? क्या सरकार अन्न भंडारों से निर्यात नहीं करेगी? क्या यह जिम्मेदारी किसानों की है कि उपभोक्ताओं को उत्पादन लागत से नीचे अन्न बेच कर, उन्हें सब्सिडाइज करे? यह कैसे कुतर्क है कि मानों श्एइ लागू करने से खुले बाजार में अन्न व्यापार ही बन्द जाएगा? इन सब तर्कें-कुतर्कें पर सुधि पाठक स्वयं विचार करें।

यह सरकार के जनता से सीधे चुने हुए भाग पर निर्भर करता है कि वह रिपोर्ट स्वीकार करके MSP की लीगल गरंटी का कानून बनाती है या नहीं।

पाठकों को पहली बात तो यह समझनी है कि MSP सब फसलों के लिए नहीं बल्कि सरकार द्वारा अधिसूचित कुछ ही फसलों के लिए घोषित की जाती है जैसे गेंहू, चना, चावल, ज्वार, बजरा, कुछ दलहनी फसलें जैसे मूंग, मसूर उड़द आदि,कुछ तिलहनी फसलें जैसे सरसों आदि, गन्ना, कपास आदि आदि। इस प्रकार की फसलों की सूची केंद्र सरकार अधिसूचित करती है।

विभिन्न अधिसूचित फसलों की MSP निर्धारण के लिए CACP (Commission for Agricultural Costs and Prices) (कृषि लागत और मूल्य आयोग) केंद्र सरकार को अनुशंसाएं भेजता है। CACP विभिन्न फसलों से सम्बंधित लागत, उत्पादन के कई प्रकार के आंकड़े राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के कृषि व किसान कल्याण मत्रालय से, केंद्र सरकार के आर्थिक सलाहकार के कार्यालय से, श्रम कल्याण विभाग आदि से इक्कठा करता है। इनके आधार पर गणनाएं कर, खेती की लागत (कोस्ट ऑफ कल्टीवेशन, COC), खेती से हुए उत्पादन की लागत, (COP, कोस्ट ऑफ प्रोडक्शन) व MSP पर अपनी अनुशंसाएं केंद्र सरकार को भेजता है।

केंद्र सरकार के कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के आर्थिक-सांख्यकी-मूल्यांकन विभाग द्वारा कृषि लागत गणना 1970-71 से एक comprehensive स्टडी स्किम (व्यापक अध्ययन योजना)

MSP के अंतर्गत फार्म/पलोट स्तर से आंकड़े एकत्र किए जाते है। फिल्ड स्टडी में यह अपेक्षा की गई है कि रैंडम पद्दति से चुने तहसील, गांव व प्लॉट्स पर कृषि गतिविधियों यथा बान, जुताई, गुड़ाई, निराई आदि व किस फसल में कितने इनपुट्स किस मात्रा में कब कब काम में लिए गए, इनपुट्स का क्रय व उयोग कब हुआ, कब-कितने बाहरी मजदूर लगे, परिवार के सदस्यों का प्लाट पर खेती से जुड़ी क्रियाओं पर लगाया समय आदि विभिन्न क्रियाओं के आंकड़े दिन प्रतिदिन के आधार पर इक्कठे किए जाएंगे। हर राज्य में, राज्यों के लिए निर्धारित विश्वविधालय या अन्य संस्थाएं यह कार्य करते है। इस कार्य के लिए 100 प्रतिशत अनुदान कृषि मंत्रालय भारत सरकार देता है।

कॉम्प्रेहेंसिव स्टडी के आंकड़े 2,3 क्रॉप सीजन (फसली वर्ष) पुराने होते है। उदहारण के लिए क्रॉप सीजन 2024-2025 के लिए कॉम्प्रेहेंसिव स्टडी के आदिनांक आंकड़े उपलब्ध नहीं होने से 2020-21, 2021-22, 2022-23 के आंकड़ों के आधार पर CACP नें फसलों के लिए खेती लागत (COC), कृषि उत्पाद लागत (COP) निकाल कर MSP की अनुशंसा की है।

राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से, अपने स्तर पर, ऐसे आंकड़े इक्कठा करवाती है और उनका उपयोग कर कृषि लागत आदि निकाल कर अपने स्तर से CACP को भेजती है। इसकी पद्दति-प्रक्रिया- केंद्र सरकार द्वारा कराई जाने वाली प्लाट लेवल स्टडी से भिन्न होत।

COC, COP, MSP निर्धारण के लिए आवश्यक बहुत से आंकड़े मुख्यतः कृषि इनपुट्स की लागत, किसी फसल का बुवाई के अंतर्गत रकबा, अनुमानित उत्पादन के सम्बंध में होते है। राज्य वार श्रमिक पारिश्रमिक दरों के आंकड़े श्रम कल्याण मंत्रालय के लेबर ब्यूरो से लिए जाते है। कृषि के लिए आवश्यक डीजल, फर्टिलाइजर्स, बिजली, कृषि उपयोग की मशीनें, पशु आहार व चारा, कीट नाशक आदि की कीमतों के आंकड़े भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व आर्थिक सलाहकार के दफ्तर में एकत्र होलसेल प्राइस इंडेक्स आंकड़ों से लिए जाते हैं।

CACP इन सब उपरोक्त उल्लेखित आंकड़ों का उपयोग कर MSP की गणना कर केंद्र सरकार को भेजता है।

कृषि लागत गणना में कृषि इनपुट्स की पहचान कर,उनकी लागत तय की जाती है। इन इनपुट्स में मानव -पशु-मशीन- श्रम, बीज, केमिकल व अन्य खाद, कीटनाशक, सिंचाई शामिल हैं। इन पर किसान द्वारा फसल उत्पादन में किए गये खर्चे को कृषि उत्पादन लागत में शामिल किया जाता है।। आयोग के द्वारा यह तय किया जाता है कि किस इनपुट का कृषि लागत में क्या वेटेज है। जैसे फसल वर्ष 24-25 के लिए कुछ वेटेज इस प्रकार तय किए गएः:-- मानव श्रम 37.5, मशीन श्रम 27.3 व पशु श्रम का 1.3%, बीज का 10.3 व फर्टिलाइजर्स का 10% भाग है, आदि-आदि।

आयोग के द्वारा सारी इनपुट्स पर अलग अलग स्टेटववाईज इनपुट प्राइस इंडेक्स निकाला जाता है। और फिर उन आंकड़ों से राष्ट्रीय स्तर पर कम्पोजिट इनपुट प्राइस इंडेक्स (CIPI) की गणना की जाती है।

CIPI के आधार पर, इनपुट्स की लागत में गत तीन सालों के वास्तविक आंकड़ों में चालू फसली साल में क्या बदलाव रह सकता है, यह निकाला जाता है। जैसे फसल वर्ष 24-25 के लिए वर्ष 20-21, 21-22, 22-23 की इनपुट कीमतों का काम में लेकर सांख्यिकी गणना से एक कम्पोजिट इनपुट प्राइस इंडेक्स (CIPI) तैयार किया गया और उसके आधार पर, फसल वर्ष 24-25 के लिए इनपुट्स में संभावित परिवर्तनों का अनुमान लगाया गया है। राज्यवार वेटेज गणना में स्टेटस का वेटेज उस फसल के अंतर्गत देश में कुल क्षेत्रफल में उस स्टेट में उस फसल के क्षेत्रफल के हिस्से के अनुपात में होता है। जिन प्रदेशों में किसी फसल के अंतर्गत नगण्य क्षेत्रफल होता है, उस राज्य के लिए उस फसल के बारे में यह गणना नहीं कि जाती है। चालू फसली साल में किस फसल के अंतर्गत कितना रकबा है और कितना उत्पादन राज्य वार व देश में होगा इसका भी अनुमान लगाया जाता है। कृषि लागत, उत्पादन लागत व MSP निकलने और केंद्र सरकार को अनुशंषाएँ भेजने के लिए, कृषि लागत व मूल्य आयोग

प्रत्येक अधिसूचित फसल के लिए कई प्रकार की सूचनाएं, कई स्त्रोतों से एकत्र की जाती हैं। कृषि इनपुट्स, मानव-मशीन-पशु आदि के श्रम के आंकड़े, फील्ड स्टडी से इक्कठे किए जाते है। प्लाट स्तर से लेकर राज्य स्तर पर राज्यवार कोस्ट ऑफ कल्टीवेशन, कोस्ट ऑफ प्रोडक्शन निकाली जाती है। अलग-अलग प्रदेशों के लिए इनमें अंतर होगा। इसे भी उस फसल के कुल उत्पादन व देश स्तर पर कुल उत्पादन के अनुपात में वेटेड एवरेज निकाल कर, राष्ट्रीय स्तर का प्रत्येक फसल की खेती व का उत्पादन लागत के आंकड़े निकाले जाते है।

पॉपुलर भाषा कृषि उत्पाद की कुल लागत आंकड़े को A2 कृषि लागत कहा जाता है। A2 कोस्ट में खाद, बीज, कीटनाशक, बाहरी मजदूर को दी गई नकद मजदूरी, सिंचाई, फ्यूल आदि गई नकद व्यय शामिल है।

FL में पारिवारिक सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार से किए गए काम जैसे बुवाई, विडिंग, फसल कटाई का अनपेड श्रम मूल्य शामिल किया जाता है। FL को जोड़ कर A2+FL लागत निकाली जाती है। ।

कृषि उत्पादन के मूल्यों में एक ओर मूल्य C2 भी चर्चा में रहता है। डॉक्टर एम. स्वामीनाथन किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु गठित डॉक्टर एम स्वामीनाथन आयोग नें C2 कोस्ट परिभाषित की थी।

C2 में, A2+FL में पारिवारिक अनपेड श्रम का मूल्य जोड़ा जाता है। इसके अतिरिक्त कृषि के लिए काम में ली जाने वाली स्थायी मशीनरी, औजार-उपकरण, गोदाम-मकानात, आदि के मूल्य पर ब्याज जोड़ने की बात की जाती है। इसमें खेती के लिए आवश्यक वर्किंग पूंजी पर ब्याज जोड़ा जाता है। इसमें भूमि की रेंटल आय जोड़ी जाती है।

केंद्र सरकार की वर्तमान व्यापक अध्यन योजना की मैथडोलोजी में कमियां:-इस योजना के अंतर्गत फिल्ड कार्यकर्ताओं से यह अपेक्षा की गई है कि प्लाट केवल सर्वे के आंकड़े दिन-प्रतिदिन के आधार पर इक्कठे किए जाएंगे। प्रत्येक अधिसूचित फसल के लिए इसी प्रकार की सूचनाएं, आंकड़े प्लाट स्तर से लेकर राज्य स्तर पर राज्यवार कोस्ट ऑफ कल्टीवेशन, कोस्ट ऑफ प्रोडक्शन निकाली जाती है। अलग-अलग प्रदेशों के लिए इनमें अंतर होगा।

इसे भी उस फसल के कुल उत्पादन व देश स्तर पर कुल उत्पादन के अनुपात में वेटेड एवरेज निकाल कर, राष्ट्रीय स्तर का प्रत्येक फसल की खेती व का उत्पादन लागत के आंकड़े निकाले जाते है। हर राज्य में, राज्यों के लिए निर्धारित विश्वविधालय या अन्य संस्थाएं यह कार्य करते है। इस कार्य के लिए 100% अनुदान कृषि मंत्रालय भारत सरकार देता है।

कॉम्प्रेहेंसिव स्टडी प्रक्रिया में सुधार के लिए 1979-80 में सेन कमेटी गठित की गई। 1990 में हनुमंत राव कमेटी गठित की गई। इनकी सिफारिशों के आधार पर प्रक्रिया में कुछ सुधार किए गए। फिर भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी काफी कमियां है जैसे स्कीम सभी राज्यों में ऑपरेटिव नही, सारी फसलों के लिए नहीं होकर मुख्यतः केवल कुछ (25) ही वार्षिक फसलों जैसे पैड़ी, गेंहू आदि व कपास गन्ना आदि के लिए है। सेम्पल्स चयन में विभिन्न श्रेणियों जैसे खातेदार, शेयर क्रोपर, बटाईदार, लीज होल्डर आदि का पर्याप्त मिश्रण नहीं आदि।

हनुमंत राव कमेटी की अनुशंसा थी कि मैनेजेरियल कोस्ट के रूप में A2 कोस्ट का 10% जोड़ा जाए किन्तु सरकार नें इसे C2 कोस्ट में जोड़ने का निर्णय लिया जो विशेषज्ञों व CACP की अनुसार उचित नहीं। एक अन्य समस्या खुद की भूमि व बटाई पर ली गई भूमि की रेंटल वैल्यू से सम्बंधित है। इससे कोई स्पष्टता नही। उपरोक्त वर्णित दोनों कमेटियों की अनुशंषाएँ सम्पूर्णता में लागू नहीं हुई है। इसी प्रकार कृषि उपयोग की स्थायी सम्पतियों यथा ट्रैक्टर, पलौ, हार्वेस्टर आदि, दूसरे छोटे औजार-उपकरण, गोदाम आदि के मूल्य पर 10% व वर्किंग राशि पर 12.5% ब्याज केवल आधे समय के लिए गणना में लिया जाता है।

टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोसल साइंसेज के डिपार्टमेंट ऑफ डेवलपमेंटल स्टैडिंज के प्रोफेसर आर रामकुमार और साथी आशीष कुमार के एक शोध पत्र के अनुसार CACP की अनुशंषाएँ 2 से 3 व अधिक वर्ष पुराने फील्ड लेवल डाटाज पर आधारित होती है। उन्होंने वर्ष 2004-05 से 2015-16 तक के उपलब्ध फील्ड डाटाज के आधार A2+FL व अन्य कोस्ट्स की गणनाओं और CACP के द्वारा गणना की A2+FL व दूसरी कोस्ट्स की तुलना की।

उनका यह निष्कर्ष था कि, आदिनांक फील्ड लेवल डेटा उपलब्ध नहीं होने के कारण, पुराने वर्षों के फील्ड लेवल डेटा उपयोग में लेने से कई वर्षों में 20 से 30% तक कम MSP की सिफारिश की गई।

इस शोध पत्र के अनुसार यद्यपि CACP द्वारा कुछ फसली सालों में, पुराने डेटा को उपयोग में लाते वक्त करेक्शन फैक्टर भी काम में लिया है किंतु इसके बावजूद A2+FL व C2 कोस्ट कम ही थी।

CACP के ध्यान में यह कमियां है किंतु अभी उचित समाधान नहीं हुआ है। CACP की रेकमनडेसन्स के अनुसार फील्ड लेवल डेटा रियल टाइम बेसिस पर इक्कठे किये जाएं। फील्ड लेवल पर चयनित कृषकों के सेल फोन नम्बर आयोग से शेयर किए जाएं ताकि प्रारंभिक क्रॉस चेक कर आश्वस्त हुआ जा सके कि कार्य सही प्रकार से हो रहा हैं अथवा नहीं।

–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस

# राजगढ़ धाम पर मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की 22वीं वर्षगांठ का महोत्सव मनाया

- **लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, वर्षगांठ महोत्सव पर गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी**




ग्राम राजगढ़ स्थित श्री मसाणिया भैरवधाम पर आयोजित महोत्सव में मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

**अजमेर,** (कासं)। श्री मसाणिया भैरवधाम चैरिटेबल ट्रस्ट राजगढ़ के तत्वावधान में ग्राम राजगढ़ स्थित श्री मसाणिया भैरवधाम पर मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की 22वीं वर्षगांठ का महोत्सव धूमधाम के साथ बाबा भैरव व मां कालिका के जयकारों के बीच मनाया गया।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि मंदिर में बुधवार को प्रातः मनोकामनापूर्ण स्तम्भ पर पंड़ित चन्द्रशेखर आचार्य व मोहित आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाराज व मुख्य अतिथि के सानिध्य में हवन-यज्ञ सम्पन्न करवाया। हवन की पूर्णाहुति के बाद मां कालिका व बाबा भैरव की व गुरूआरती हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज तथा अन्य अतिथियों द्वारा मंदिर पर ध्वजारोहण से हुआ। मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैंने देशभर में भ्रमण किया है, लेकिन राजगढ़ धाम राजस्थान ही नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष में अद्भुत ख्याति प्राप्त देवस्थान है, जहां चम्पालाल महाराज श्री निस्वार्थ भाव से मानव जीव प्राणी की सेवा कर रहे हैं, जिसका बखान शब्दों के माध्यम से नहीं किया जा सकता है। महाराजश्री द्वारा जो राष्ट्रीय स्तर पर समाज के कल्याणकारी कार्य जैसे नशामुक्ति का अभियान व समाजकंटकों द्वारा की जा रही है। कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में धाम पर चल रहे महाअभियान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व जल स्वालम्बन अपने आप में अनूठी मिसाल व्यक्त करता है। श्री मसाणिया भैरवधाम चैरिटेबलट्रस्ट राजगढ़ के तत्वावधान में नशा मुक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महाअभियान के अंतर्गत लगभग 50 लाख से अधिक लोगों ने राजगढ़ धाम में संकल्प लिया है, यह भी अपने आप में अनूठी मिसाल है।

इस अवसर पर भैरवधाम पर प्रदेश के कई मंत्री, विधायक, प्रशासनिक और पुलिस के आलाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में भीड़ का आलम यह था कि श्रद्धालुओं की संख्या लाखों के आंकड़े को भी पार कर गई। श्रद्धालु सायंकाल आरती तक धाम पर आकर परिक्रमा करते रहे और बाबा भैरव व मां कालिका के समक्ष शीश झुकाकर चम्पालाल महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। वर्षगांठ महोत्सव पर भजन गायक कलाकार नरेश दग्दी, ज्योति सैनी ने बाबा भैरव के भजनों की प्रस्तुतियां दी।

# दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े में दो पश्चिमी विक्षोभ ला रहे तापमान में उतार-चढ़ाव

**बीकानेर,** (निसं)। लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिसंबर का दूसरा पखवाड़ा मौसमी उतार-चढ़ाव वाला साबित हो रहा है। 24 घंटे पहले बादलों के छाने से रात का पारा 14 डिग्री तक पहुंच गया। सामान्य से 7 डिग्री पारा अधिक होते ही मावठ हो गई। सोमवार को मावठ के बाद जब हवा चली तो वापस तापमान 6 डिग्री गिरा। न्यूनतम तापमान 14 डिग्री से गिरकर 8.4 डिग्री जा पहुंचा। 27 दिसम्बर को फिर से मावठ के आसार जताए जा रहे हैं। इसलिए 8.4 डिग्री वाला तापमान वापस 13-14 डिग्री तक जाने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह रात का पारा 4.8 डिग्री तक पहुंच गया था। कड़ाके की सर्दी शुरू ही हुई थी कि अचानक पश्चिमी विक्षोभ आ गया। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान में बादल छाए तो पारा 14 डिग्री तक पहुंच गया। यानी सिर्फ दो दिन में तापमान ने 9 डिग्री से ज्यादा की उछाल भरी। उसके बाद 24 घंटे पहले 8 घंटे में तीन बार बूंदाबांदी हुई। मावठ सिर्फ एक एमएम हुई लेकिन सोमवार को दोपहर बाद चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को कंपा दिया। इसी वजह से बीती रात का पारा 8.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। 24 घंटे में ही 6 डिग्री तापमान में फिर गिरावट हुई। सिर्फ 4 दिन में 10 डिग्री के करीब तापमान का उतार-चढ़ाव हुआ। इस रात को भी तापमान 8 डिग्री के आसपास ही रहेगा लेकिन 26 और 27 को वापस बादल छाएंगे और तापमान में उछाल जाएगा।

मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि गुरुवार को तापमान 13 से 14 डिग्री के करीब होगा, यानी साल का अंतिम सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। इसी सप्ताह तापमान भी ज्यादा रहेगा। बारिश भी होगी और कोहरा भी छाने के आसार हैं।

## सार-समाचार

### श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**बीकानेर, (कासं)।** श्री जुबिली नागरी भण्डार पाठक मंच बीकानेर की तरफ से नगर की प्रसिद्ध ओजस्वी वरिष्ठ कवयित्री प्रमिला गंगल एवं संगीत जगत के महान कलाकार रफ़ीक़ सागर के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय महारानी सुदर्शन आर्ट गैलरी श्री जुबिली नागरी भण्डार ट्रस्ट में आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक क़ासिम बीकानेरी ने बताया कि स्वर्गीय प्रमिला गंगल और रफ़ीक़ सागर की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के साहित्य, कला,संगीत एवं अनेक क्षेत्रों के महानुभावों द्वारा इन दोनों महान शख्सियतों को पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि के रूप में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। दोनों शख्सियतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री जुबिली नागरी भण्डार पाठक मंच के नंदकिशोर सोलंकी ने कहा कि प्रमिला जी और रफ़ीक़ सागर दोनों ही साहित्य एवं कला जगत के रतन थे। प्रमिला जहां राष्ट्रीयता से ओतप्रोत जुझारू व्यक्तित्व की धनी साहसिक महिला थी। उनकी कविताओं में दबंगता से कटु सत्य उजागर होता था। वहीं प्रसिद्ध संगीतकार रफ़ीक़ सागर ने बीकानेर का नाम देश-विदेश में रोशन किया। ये दोनों शख्सियतें बीकानेर और नागरी भण्डार की धरोहर थीं। कार्यक्रम समन्वयक कमल रंगा ने अपनी आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रमिला से उनके परिवार के पारिवारिक रिश्ते थे। वे शिक्षा, साहित्य एवं अध्यात्म की त्रिवेणी थी। मेरी नज़र में वह ओज की पूरे देश की चुनिंदा कवयित्रियों में से एक थी। वहीं रफ़ीक़ सागर बेहतरीन सुर-साधक थे जो अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर देते थे। युवा साहित्यकार संजय पुरोहित ने बताया कि प्रमिला गंगल 6 दशकों से निरंतर उत्कृष्ट सृजन कर रही थी।स्वर्गीय गंगल अपनी ओजस्वी कविताओं से श्रोताओं में जोश का संचार कर देती थी और कार्यक्रम में समां बांध देती थी। वहीं रफ़ीक़ सागर ने संगीत के क्षेत्र में बीकानेर का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया था। कार्यक्रम संयोजक क़ासिम बीकानेरी ने कहा कि प्रमिला गंगल स्पष्टवादी एवं सच्चाई की हिमायत करने वाली एक ऐसी कवयित्री थी जिनकी राष्ट्रीयता के भाव से ओतप्रोत कविताएं सुनकर श्रोताओं में राष्ट्र प्रेम की भावनाओं का संचार हो जाता था। पूरे देश के काव्य क्षेत्र में उनकी सबसे अलग पहचान थी। इसी तरह रफ़ीक़ सागर 'सपने में सखी देख्यो नंद गोपाल' गीत की वजह से देश-विदेश तक प्रसिद्ध थे। वरिष्ठ कवि कथाकार राजेंद्र जोशी ने कहा कि प्रमिला जी ओज की प्रसिद्ध कवयित्री थी जो सभी से समान रूप से स्नेह करती थी। वहीं रफ़ीक़ सागर साहब क़ौमी एकता के प्रतीक फ़नकार थे।

### विशेष टीकाकरण अभियान 31 तक

**बीकानेर, (कासं)।** टीकाकरण विशेष अभियान की प्रथम संभाग स्तरीय समीक्षा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ग्राम स्तर तक की माइक्रो प्लान व तैयारी का जायजा लिया गया।अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जनागल, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ अनुरोध तिवारी सहित बीकानेर संभाग तथा अजमेर जिले के सभी ब्लॉक सीएमओ, चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्टाफ ने वीसी में शिरकत की। सीएमएचओ डॉ गुप्ता ने बताया कि बच्चों को जानलेवा 11 बीमारियों जैसे- पोलियो, निमोनिया, टीबी, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, मेनिनजाइटिस, डिप्थीरिया, खसरा, रूबेला, काली खांसी और रोटा वायरस दस्त से बचाव के लिए टीके लगाकर प्रतिरक्षित किया जाता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि 2 साल तक की उम्र के अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आंगनबाड़ी केन्द्र पर लेकर जाएं और छूटे हुए टीके अवश्य लगवाएं। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जनागल ने बताया कि जिले में 98.2 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य अर्जित किया गया है। किसी कारणवश टीका लगवाने से वंचित रह गये बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान संचालित कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गुरूवार को स्थानीय माइक्रो-प्लान के अनुसार निर्धारित दिन राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर और जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज के सम्बद्ध राजकीय अस्पतालों में प्रतिदिन लाभार्थी बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क टीकाकरण सत्र आयोजित किये जाते हैं। डॉ जनागल ने बताया कि टीकाकरण की सम्पूर्ण जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल 'यू-विन' बनाया गया है, जिसमें अभिभावक स्वयं रजिस्ट्रेशन करके टीकाकरण संबंधी जानकारी पाने के साथ ही डिजीटल वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर सकते हैं।

### 'कथा जीवन जीने की कला सिखाती है'

**बीकानेर, (कासं)।** गोपेश्वर महादेव मंदिर गंगाशहर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सात दिवसीय श्रीराम कथा काआयोजन किया गया। जिसके प्रथम दिवस में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी त्रिपदा भारती ने प्रभु की कथा के महत्त्व से प्रभुभक्तों को अवगत करवाया। कथा का शुभारंभ केदार अग्रवाल, श्रवण सिंह के द्वारा पूजन से किया गया कथा के प्रथम दिवस में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी ने कहा, वह भक्त सौभाग्यशाली होते है। जिन्हें प्रभु की कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। जीवन का उचित मार्गदर्शन हम कथा से प्राप्त कर सकते है। इसीलिए हमारे भारत में वैदिक काल से इस परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है। अतीत में घटी घटनाओं को यथावत् रूप में सुन लेना मात्र कथा नहीं है। वास्तव में प्रभु की कथा हमारे लिए स्वयं का विश्लेषण है। स्वयं से परिचय पाने का मार्ग है। यह आज के समाज का सत्य है, कि हम पूरी दुनिया की खबर तो रखते है। लेकिन खुद से बेखबर है। अंतरिक्ष में ऊँची उड़ने भर चुके है, सागर को माप चुके है, पर्वतों पर अपनी जीत के परचम लहरा चुके है। किन्तु इन सब के बावजूद स्वयं से बहुत दूर व अपरिचित हो गए है। हम अपने लक्ष्य को विस्मृत कर बैठे है। इसलिए प्रभु की कथा हमें जागृत कर हमारे लक्ष्य की ओर अग्रसर करने का कार्य करती है। वास्तव में हमारे मानव तन का लक्ष्य उस ईश्वर को पाना है। जो एक पूर्ण गुरु से आत्मज्ञान प्राप्त करके ही संभव हो सकता है। इसके अतिरिक्त कथा में सुमधुर भजनों का गायन भी किया गया। कथा का समापन राजेंद्र अग्रवाल, जुगलकिशोर जयपुरिया, गोपाल अग्रवाल, रामकिशन, महावीर जोशी,जगदीश गर्ग द्वारा प्रभु की मंगल आरती से किया गया।

### रंगीला स्मृति शतरंज प्रतियोगिता 28 से

**बीकानेर, (कासं)।** खेल लेखक स्व. झंवरलाल व्यास 'रंगीला' की स्मृति में 18वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 28 और 29 दिसंबर तक नत्थूसर गेट के बाहर स्थित नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की जाएगी।संयोजक एडवोकेट जुगल किशोर व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक शातिर गुरुवार तक आवेदन कर सकेंगे।आवेदन आचार्य चौक स्थित रंगीला फाउंडेशन कार्यालय, नालंदा स्कूल तथा वकीलों की गली स्थित एडवोकेट एसएल हर्ष के कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। विजेताओं को 3 जनवरी को रंगीला की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

### सियाग को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**बीकानेर,(कासं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बीकानेर जिला देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग को बड़ा दायित्व सौंपा गया है। जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बिशनाराम सियाग को भेजे नियुक्ति पत्र में लिखा है कि दिल्ली में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आपको दिल्ली के द्वारका विधानसभा क्षेत्र के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। क्षमता के अनुसार आप सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। पार्टी को आपके अनुभव और प्रतिबद्धता से लाभ मिलेगा। सियाग ने कहा कि बतौर पर्यवेक्षक के मिली जिम्मेदारी को शिद्दत के साथ निभाया जाएगा तथा पार्टी की जीत व मजबूती के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। सियाग अभी 2 दिन पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी,दिल्ली पीसीसी अध्यक्ष व द्वारका के स्थानीय नेताओं से चुनावी रणनीति पर चर्चा व मंथन करके बीकानेर लौटे है।

### संघर्ष समिति का धरना जारी

**बीकानेर,(कासं)।** मृतक संतोष नायक प्रकरण में न्याय की मांग को लेकर अनुचित जाति/जनजाति न्याय सघर्ष समिति का धरना यहा कलेक्ट्रेट के सामने 16 वे दिन भी जारी रहा। धरने में सघर्ष समिति के पदाधिकारी संयोजक बीरजाराम भील सह सयोजक महेन्द्र मेघवाल, अशोकमेघवाल, फुसाराम नायक सहित पीडित परिवार के मदनलाल नायक कांग्रेस नेता सीताराम नायक चेनाराम नायक, दुलचासर के प्रेम नायक, उदासर के केसराराम नायक व पन्नाराम नायक सहित अनेक सामाजिक सगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे सघर्ष समिति की और से बुधवार को यहां कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा को भी ज्ञापन देकर न्याय की गुहार की।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में और अधिक गति लाने के दिए निर्देश

**बीकानेर, (कासं)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने बुधवार को सर्किट हाउस में विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभाग से जुड़े सभी कार्य पूर्ण मुस्तैदी और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने के निर्देश दिए। कन्हैया लाल ने कहा कि आगामी गर्मी के मद्देनजर अधिकारी अधिक गंभीरता तथा संवेदनशीलता से कार्य करें। टैल एंड पर बैठे उपभोक्ता को पर्याप्त और गुणवत्ता युक्त पानी मिल सके, यह सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को अधिक से अधिक फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की चोरी करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। विभाग इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में पानी की चोरी नहीं हो। उन्होंने आगामी दिनों में और अधिक वृहद स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए।

- **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने आगामी गर्मी के मद्देनजर अधिकारी अधिक गंभीरता तथा संवेदनशीलता से कार्य करें**



जलदाय मंत्री कन्हैयालाल नेसर्किट हाउस में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली

जलदाय मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के काम नियमित रूप से मॉनिटर करें। अतिरिक्त मुख्य अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता तक इन कार्यों को देखें। केंद्र तथा राज्य सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक घर तक जल पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परियोजना वृत्त चूरू को जल जीवन मिशन के कार्यों में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। श्री कन्हैयालाल ने संभाग के सभी जिलों में प्रगतिरत और आगामी समय में होने वाले कार्यों की समीक्षा की। अमृत 2.0 के तहत संभाग के 17 शहरी क्षेत्र में होने वाले कार्यों को पूर्ण गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन शहरों में प्रस्तावित कार्यों के बारे में बताया और कहा कि यह कार्य पूर्ण सजगता और गुणवत्ता के साथ करवाए जाएं।

उन्होंने कहा कि पाइप दुरुस्तीकरण अथवा नई लाइन डालने की पश्चात सड़क नॉर्म्स अनुसार ठीक की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में वे निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाई गई तो सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंताराजेश पुरोहित ने चारों जिलों के प्रगतिरत और प्रस्तावित कार्यों के बारे में बताया। बैठक में विजय आचार्य, मोहन सुराणा, प्रोजेक्ट के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राममूर्ति सहित चारों जिलों के अधीक्षण अभियंता और तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे।

## आध्यात्मिक महोत्सव में बही भजन-वाणी व लोकगीत की रसधारा

**बीकानेर, (कासं)।** महान् संत खाखी बाबा महाराज के बरसी के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव के दूसरे दिन आज प्रातः से नत्थूसर गेट के बाहर राज रंगा बगेची स्थित बाबा की समाधि स्थल एवं नव निर्मित मन्दिर में भजन-वाणी एवं लोकगीतों की रसधारा बही।

राज रंगा पंचायती ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी कमल रंगा ने बताया कि आज आध्यात्मिक महोत्सव में लोकप्रिय भजन गायक मुन्ना सरकार एवं पार्टी द्वारा एक से एक सुन्दर भजनों की जानदार-शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण में भजनों की गूंज भर दी। वहीं प्रसिद्ध वाणी गायक शंकर व्यास और अमरचंद व्यास ने एक से एक मधुर वाणियों को सस्वर प्रस्तुत कर वातावरण को वाणिमय कर दिया। इसी कड़ी में ख्यातनाम लोक कलाकार-गायक मदन गोपाल व्यास 'जैरी' ने लोकगीत प्रस्तुत कर वातावरण में एक अलग ही रोमांच पैदा किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष इन्द्रजीत रंगा सचिव डॉ. चन्द्रशेखर ने बताया कि भजन-वाणी एवं लोकगीतों की सुन्दर एवं आध्यात्मिक प्रस्तुतियों से सैकड़ों बाबाजी के भक्त-दर्शनार्थी एवं श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। इस अनूठे आध्यात्मिक आयोजन में ढोलक पर संगत दी लियाकत भाई, हारमोनियम पर



भजन-वाणी एवं लोकगीतों की प्रस्तुति देते कलाकार।

मोहिसीन भाई एवं ओरगन पर जावेद ने सुन्दर संगत देते हुए भजन-वाणी एवं लोकगीतों में एक अलग ही रंगत भर दी।ट्रस्ट के ट्रस्टी भैरूरतन रंगा 'सन्नू' एवं जीवणलाल रंगा ने बताया कि आज के इस आयोजन में विशेष तौर से शिव कुमार रंगा पूर्व पार्षद, राजेश रंगा, दाऊलाल रंगा, कमल रंगा, इन्द्रजीत रंगा, गिरिराज व्यास, डूंगरदत्त, बिन्दू प्रसाद, ग्वालदास जोशी, त्रिलोक चंद, शिवम, सोहित, प्रेमरतन पुरोहित, यशवेन्द्र, पुष्पा देवी रंगा, शारदा शर्मा, राजा शर्मा, मनोहर व्यास, विकास रंगा, आयुष, शिवांश, पुनीत कुमार रंगा, अरूण व्यास, आशिष रंगा, अंकित रंगा, कन्हैयालाल सोलंकी, मगजी गहलोत, ओम प्रजापत, राजपाल प्रजापत, पुनम, गोविन्द पुरोहित, राजू, संजय, सीताराम ओझा, रामचन्द्र, अनिल, जीतु सुथार, प्रेम सुथार, मुकन्द व्यास, तुलसीराज बोहरा, छोटूलाल, महादेव, तोलाराम सारण, घनश्याम ओझा सहित सैकड़ों ने इस आयोजन में अपनी सहभागिता निभाते हुए भजन-वाणी एवं लोकगीतों का भरपूर आनन्द लिया एवं बाबाजी के प्रति आस्था रखते हुए उनके दर्शन किए। 26 दिसम्बर, को खाखी बाबा बरसी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव के अन्तिम दिन दोपहर को पंचामृत अभिषेक सांय को महाआरती एवं सांय से देर रात तक महाप्रसाद का आयोजन रखा गया है।

## सुशासन दिवस व तुलसी पूजन दिवस मनाया

**बीकानेर, (कासं)।** स्थानीय शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में शीतकालीन अवकाश के दौरान शाला की करूणा क्लब टीम और नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब के सयुक्त तत्वाधान में करुणा क्लब इकाई एवं स्काउट गाइड सदस्यों द्वारा सुशासन दिवस और तुलसी पूजन दिवस को आज प्रसन्नता पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर शाला में आयोज्य करूणा क्लब और स्काउट गाइड की इको क्लब की टीम द्वारा तुलसी के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाला सचिव हिमालय वूड बैज कब मास्टर रमेश कुमार मोदी ने तुलसी दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए तुलसी के पौधे का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी बताया। तुलसी हिंदू धर्म के अनुसार सबसे पवित्र पौधा माना जा रहा है। तुलसी माता का पूजन करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। तुलसी के पौधें को लगाने से आसपास का वातावरण पूर्णतया शुद्ध रहता है तथा सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में उपस्थित शाला प्रधान हनुमान छींपा ने तुलसी को वैज्ञानिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए औषधि के रूप में उपयोग करने के गुणधर्मों को सभी के साथ साझा किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**बीकानेर, (कासं)।** स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्रीकिशनगोपालजी शर्मा (गुट्टड़ महाराज) की स्मृति में शाकद्वीपीय समाज टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट 26 दिसम्बर से होने जा रहा है। आयोजन से जुड़े जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारम्भ 26 दिसम्बर को सायं 5 बजे कोठारी हॉस्पिटल के सामने स्थित केएमआर ग्राउंड में होगा। प्रतियोगिता शुभारम्भ हेतु आईजी ओमप्रकाश पासवान, पूर्व उपमहापौर राजेन्द्र पंवार, शंकर सेवग, बलदेव शर्मा को आमंत्रित किया गया है।

# किसान अनशन पर बैठा

**हनुमानगढ़, (कासं)।** नाका खोलने के आदेश की पालना नहीं होने से नाराज किसान पिछले दो दिन से जल संसाधन विभाग के ऑफिस के बाहर अनशन पर बैठा है।

नाका (पानी डिस्चार्ज पॉइंट) बंद होने से एक किसान के खेत में खड़ी फसल में पानी नहीं लग पाया। इस कारण फसल नष्ट हो गई। नाका खोलने के आदेश की पालना नहीं होने से नाराज किसान पिछले दो दिन से जल संसाधन वृत्त हनुमानगढ़ के अधीक्षण अभियंता कार्यालय प्रांगण में अनशन पर बैठा है।लोकजन शक्ति पार्टी जिलाध्यक्ष विकास झोरड़ के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अनशन स्थल पर पहुंचकर किसान की मांग का समर्थन किया और चेतावनी दी कि अगर विभाग के अधिकारियों ने सुनवाई नहीं की तो पार्टी की ओर से आंदोलन किया जाएगा। अनशन पर बैठे किसान खेतपाल पुत्र सुखगिर गोस्वामी निवासी पीलीबंगा चक 7 एचडीपी में निर्मित नाका अधिशासी अभियंता, जल संसाधन खण्ड द्वितीय, हनुमानगढ़ ने बीच फसल बंद करवा दिया। इस पर उसने इस बंद नाका (पानी डिस्चार्ज पॉइंट) को फसल पकने तक खुलवाने का प्रार्थना पत्र अधिशासी अभियंता, जल संसाधन खण्ड द्वितीय, हनुमानगढ़ को सौंपा।अधिशासी अभियंता ने आदेश कर नाका (पानी डिस्चार्ज पॉइंट) खोलने का आदेश सहायक अभियंता, उपखण्ड घग्घर हनुमानगढ़ को दिया। 19 दिसंबर को नाका खोला जाना था, उसी दिन अधिशासी अभियंता, जल संसाधन खण्ड द्वितीय, हनुमानगढ़ ने नाका नहीं खोलने का मौखिक आदेश सहायक अभियन्ता व बीके अध्यक्ष को दे दिया।

# कड़ाके की ठंड में खुले में सो रहे लोगों को भिजवाया रेन बसेरे

**बीकानेर, (कासं)।** जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने नगरीय क्षेत्र में नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न रैन बसेरों और और श्री अन्नपूर्णा रसोइयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कड़ाके की ठंड में जूनागढ़ के आगे फुटपाथ पर सो रहे बेसहारा लोगों को जिला अस्पताल स्थित रैन बसेरे में शिफ्ट करवाया।

जिला कलेक्टर देर शाम नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष और उपयुक्त यशपाल आहूजा के साथ रैन बसेरों का निरीक्षण करने निकली। उन्होंने श्रीगंगानगर रोड स्थित प्राइवेट बस स्टैंड और बीछवाल स्थित फायर स्टेशन में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई और रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को देखा। सभी व्यवस्थाएं नॉर्म्स के अनुसार चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की गुणवत्ता को परखा तथा रसोई बनाने में उपयोग ली जाने वाली खाद्य सामग्री को देखा। गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसोइयों में प्रतिदिन जारी कूपन की जानकारी ली। भोजन कर रहे लोगों से फीडबैक लिया। रैन बसेरे में रजाई, कंबल, बिस्तर, गर्म पानी, गीजर तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को



जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने रेन बसेरों और अन्नपूर्णा रसोइयों का औचक निरीक्षण किया।

देखा। उन्होंने निगम उपायुक्त को इनकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कड़ाके की ठंड में जूनागढ़ और शनि मंदिर के आगे खुले में सो रहे लोगों को जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन के पास संचालित रैन बसेरे में शिफ्ट करवाया। जिला कलेक्टर मौके पर निगम के साथ में वाहनों के साथ पहुंची और निगम कार्मिकों एवं होमगार्ड्स की मदद से सभी असहाय लोगों को गाड़ी में बिठाकर रवाना करवाया।

उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की जाए तथा रैन बसेरे में भोजन सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने निगम की टीमों को अन्य स्थानों पर चेक करने के निर्देश दिए। जूनागढ़ के आगे से सभी लोगों को शिफ्ट करने के बाद फुटपाथ की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई व्यक्ति खुले स्थान पर नहीं सोए, इसके लिए निगम द्वारा सतत अभियान चलाया जाए।

## सार-समाचार

### विधायक जेठानंद व्यास को ज्ञापन सौंपा




**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण सर्व कामगार सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में पुगल रोड़ स्थित दर्जनों कॉलोनियों के सैकड़ों लोगों के साथ बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास से मिलकर समस्यायों से अवगत करवाया।संघ ने ज्ञापन के माध्यम से विधायक को बताया कि भू- उपयोग योजना प्रारूप 2043 के तहत बजरंग नगर,जे बी आवासीय कॉलोनी,एकता नगर, महेश नगर, सुंदर विहार, बीकाणा नगर, गायत्री नगर,शिव पुरम, बापू नगर,रोशन नगर,कषि नगर, महावीर नगर आदि आवासीय इलाकों को ओ सी एफ एण्ड पीसी ( ओपन कनेक्टिविटी फाउंडेशन लैण्ड एण्ड प्रोफ़ेशनल कॉलेज) दर्शाया गया है। गौरतलब है कि इन दर्जनभर कॉलोनियों में 15-20 वर्षो से लाखों लोग अपना मकान बनाकर निवास कर रहे है जिसके लिए संघ ने आग्रह करते हुए ज्ञापन में कहा है कि नगर नियोजन बीकानेर अपने प्रस्तावित मास्टर प्लान 2043 का गुगल मैप या अन्य एजेन्सी से सर्वे करवाके निष्पक्ष जांचे करवाके लोग को राहत प्रदान करे। आवासीय कॉलोनियों ने में निवास कर रहे लोगों को आज तक मूलभूत सुविधाओं (पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा) से भी यह तबका वंचित है जो कि संविधान के आर्टिकल 21 के अनुसार लोगों हक है जो कि नहीं मिलना एक प्रकार के शोषण के श्रेणी में आता है। संघ के प्रदेश महामंत्री आर एस हर्ष ने बताया कि कॉलोनाइजरों गरीब लोगों को चकगर्बी की जमीनें पट्टों का लालच देकर ओने पोने दामों पर बेचकर रजिस्ट्रियां करवा दी और भोले भाले लोग यहां दशकों से रह रहे है जिन्हें आज आधारभूत सुविधाओं का अभाव झेलना पडा रहा है जो कि संविधान के तहत भी न्याय संगत नहीं है। इस मौके पर संघ के लक्ष्मण कुमावत,देव किशन रामावत, गौरीशंकर सीपी, कैलाश सारस्वत, सुनील व्यास, सुभाष पुरोहित, जगदीश शर्मा,भरत सिंह, राजेन्द्र कुमार सैन, शंकर कुकणा, रामकिशन कुकणा,पूनम ज्याणी, महावीर,भागीरथ गोदारा,अमर चंद बिश्नोई,पवन बिश्नोई सहित कॉलोनियों के सैकड़ों लोगों उपस्थित रहकर अपनी फरियाद विधायक महोदय के सामने रखी।

### सुशासन दिवस मनाया

**बीकानेर, (कासं)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती के अवसर बीकानेर भाजपा संभाग कार्यालय में शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, देहात जिलाध्यक्ष जलालम सिंह भाटी की अध्यक्षता में पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि सभा रखी व वाजपेयी जी को याद किया गया इस मौके पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी मुख्य अथिति के तौर पर शामिल हुए अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पिता कर उन्हें नमन किया गया कन्हैयालाल चौधरी ने वाजपेयी के जीवन पर बोलते हुए कहा अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भारत को विकसित भारत बनाने की नींव रखी आज देश उन्ही के दिखाए रास्ते पर चल रहा है उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों विदेश नीति भारत को परमाणु शक्ति बनाने का उल्लेख किया देश में सड़कों का जाल बिछाने में अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता का उल्लेख करते हुए इसे देश के विकास के लिए हम कदम बताया। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे वो हम सभी के प्रेरणा स्रोत थे आचार्य ने कहा नाम अटल है, काम अटल है, राष्ट्रशक्ति पर विश्वास अटल है, धर्म अटल है, धैर्य अटल है, राष्ट्रसमृद्धि का लक्ष्य अटल है आज हम भारत के महानतम नेताओं में से एक वाजपेयी जो को नमन करते है। देहात भाजपा जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने कहा आज का दिन वाजपेयी जी के अद्वितीय व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र-निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने का है हम सभी के प्रेरणास्रोत अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन हम सभी के लिए एक पाथेय है उनका जीवन लोकतांत्रिक और मानवीय मूल्यों का प्रतीक है। आज के कार्यक्रम में महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री मोहन सुराणा, रमेश चौहान, कोडाराम, अर्जुन कड़वासरा, सहीराम गोदारा, अनिल हर्ष, किशन, दीपक गहलोत, अशोक चांवरिया, राजकुमार जोशी उपस्थित रहे।

### मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**बीकानेर, (कासं)।** मास्टर बच्ची क्लब फुटबॉल समिति द्वारा तीसवां राज्य स्तरीय मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट बुधवार को पुष्करणा स्टेडियम में आयोजित हुआ। नॉक आउट आधार पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट में प्रदेश की आठ टीमें भाग लेंगी। आज पहला मुक़ाबला बीकानेर फुटबॉल अकादमी ने युथ क्लब जोधपुर के बीच खेला गया। आज के मुक़ाबले में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जेठानंद व्यास,विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड अपर आयकर आयुक्त जे पी तलानिया थ। स्वागतकर्ता उद्यमी एन डी रंगा मौजूद रहे । आयोजन समिति के सचिव भरत पुरोहित ने बताया की पहले मैच में बीकानेर फुटबॉल अकादमी ने 3-0 से जोधपुर क्लब को हरा कर पहला मुक़ाबला अपने नाम किया। अध्यक्ष सुनील बठिया ने बताया कि पहले हाफ में बीकानेर क्लब के रेखराज ने शानदार गोल डाल कर अपने टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई, वही अगले कुछ देर बाद संतोष ने दूसरा गोल डाल कर बीकानेर क्लब को बढ़त दिलाई वही दूसरे हाफ में धर्मवीर ने तीसरा गोल डाल कर जीत दर्ज की, वहीं आयोगें से जुड़े अमीन ( कोच साहब ) ने बताया कि आज के मैच का मेन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जोधपुर के अभिषेक को दिया गया । वही वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी मेग सिंग सुई का सम्मान भी किया गया ।उसी के साथ राजस्थानी भाषा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्विभिन्न गतिविधियां भी हुई । अध्यक्ष सुनील बांठिया ने बताया कि रनिंग ट्रॉफी सीता देवी छंगाणी ट्रस्ट अशोक छंगाणी द्वारा दी जाएगी । इस वर्ष की विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी अमित सेठी मेमोरियल ट्रॉफी (यूथ स्पोर्टस एण्ड पी.वी. कल्ला ट्राफी द्वारा) दी जाएंगी। व्यक्तिगत विजेता पुरस्कार गोकुल प्रसाद पुरोहित (पं. कालू महाराज स्मृति) एवं उपविजेता पुरस्कार सीतादेवी छंगाणी स्मृति द्वारा दिए जाऐंगे वही प्रतियोगिता में विजेता और अप विजेता टीमों को मेडल वरिष्ठ फुटबॉल के खिलाड़ी श्री मंगल चंद खरखोदिया स्मर्थी संस्थान द्वारा दिए जाएँगे । प्रतिदिन मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरिज के पुरस्कार बाल गोविन्दम स्कूल द्वार दिए जाएंगे। टूर्नामेंट के वरिष्ठ खिलाड़ी का सम्मान शिव शक्ति साधना पीठ व स्टेपिंग स्टोन स्कूल द्वारा दिए जायेगे। वही कार्यकती का समान स्व: किशन कुमार पुरोहित संस्थान द्वारा दिए जायेगे ।

### बच्चों को पढ़ने के लिए किया प्रेरित

**बीकानेर, (कासं)।** पटेल नगर स्थित कांसेप्ट इंस्टिट्यूट में क्रिसमस के उपलक्ष में बच्चों के भविष्य को आयाम देने के लिए एक मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गयर्सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी डॉ. अर्पिता गुप्ता को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान निदेशक डॉ. भूपेंद्र मिड्ढा ने स्वागत के साथ डॉ. अर्पिता गुप्ता द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना कर्री डॉ. गुप्ता ने छात्रों को कहा की जीवन में सफल वह होते जिनमे सबसे ज्यादा धैर्य और लगन होता ईस दुनिया में कोई चीज और मुकाम ऐसा नहीं जिसे हम हासिल नहीं कर सके। अगर हमें किसी मुकाम को पाने का लक्ष्य निश्चित कर किया तो कितने ही अध्याय बीच मे आए हम उन बाधाओं से लड़ते हुए अपनी मंजिल को बढ़ते हुए हासिल कर सकते हैं।उन्होंने कहा इस उम्र में बच्चों को अच्छी नींद लेनी चाहिए, भरपूर नींद और अच्छी डाइट बहुत जरूरी होती है। साथ ही मोबाइल देखने का एक समय तय करें।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3244 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 24.12.2024
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 29 के किला नं. 15 में भूखण्ड माप 12'-6'' गुणा 45'-0'' फीट के नियमन पटटा हेतु आवेदक श्री सतीश सोनी पुत्र श्री गणपत सोनी निवासी गली नं. 10, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमेन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री सतीश सोनी पुत्र श्री गणपत सोनी निवासी गली नं. 10, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 29 के किला नं. 15 में भूखण्ड माप 12'-6'' गुणा 45'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# बस से अवैध चंदन की लकड़ी ले जाते जयपुर निवासी एक व्यक्ति गिरफ्तार

## प्लास्टिक के कट्टों से 125 किलो 640 ग्राम चंदन की लकड़ी बरामद हुई

**कोटा, (निसं)।** रानपुर पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक स्लीपर बस से अवैध चंदन की लकड़ी ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के कब्जे से तीन प्लास्टिक के सफेद कट्टों मे 125 किलो 640 ग्राम चंदन की लकड़ी बरामद की है।

- **कोई लाईसेंस या अनुज्ञा पत्र नहीं देने पर चंदन की लकड़ी के कट्टों को जप्त किया**
- **आरोपी से चन्दन की लकड़ी के संबंध में पूछताछ की जा रही है**

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि अवैध गतिविधियों के संबध में पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं रानपुर थाने के पुलिस निरिक्षक थानाधिकारी मांगेलाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए जयपुर निवासी अब्दुल हमीद को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि रानपुर थाने के उप निरिक्षक भीमसिंह मय जाप्ता कोटा-झालावाड़ हाईवे पर नाकाबंदी कर झालावाड़ से कोटा की ओर आने वाले वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। शहर एसपी ने बताया कि उसी दौरान एक स्लीपर बस को चैकिंग के लिये रूकवाया गया। बस की डिग्गी में रखे सामानों की चैकिंग के दौरान डिग्गी में प्लास्टिक के तीन सफेद कट्टे मिले। प्लास्टिक के कट्टे के बारे में पूछताछ की तो कट्टे अब्दुल हमीद ने अपने होने बताये। प्लाास्टिक के कट्टे संदिग्ध लगने पर खोलकर चैक किया तो कट्टों से अवैध वन सम्पदा चंदन की कटी हुई गीली लकड़ी मिली। पुलिस ने जब कट्टों का वजन किया तो तीनों कट्टों का कुल वजन 125 किलो 640 ग्राम मिला।

शहर एसपी ने बताया कि अवैध चंदन की लकड़ी बरामद होने पर अब्दुल हमीद से लकड़ी परिवहन व रखने के लिये लाईसेंस मांगा गया, लेकिन व्यक्ति द्वारा कोई लाईसेंस या अनुज्ञा-पत्र नही देने पर लकड़ी के कट्टों को जप्त कर उत्तरप्रदेश के कन्नौज हाल जयपुर निवासी अब्दुल हमीद (51) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चन्दन की लकड़ी के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।



पुलिस ने अवैध चंदन की लकड़ी सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

# बी.एस.एफ. ने बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया को मार गिराया

## पाक घुसपैठिया भारतीय सीमा में आने का प्रयास कर रहा था

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** श्रीगंगानगर जिले के भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर घुसपैठिए को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने मार गिराया। देर रात साढ़े बारह बजे पाकिस्तानी घुसपैठिया भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था। एसपी गौरव यादव ने बताया कि केसरीसिंहपुर इलाके के एक एक्स गांव के पास यह घटना हुई है। घुसपैठिया भारतीय सीमा में पिलर की तरफ आने का प्रयास कर रहा था।

- **घुसपैठिये के पास कुछ पाकिस्तानी मुद्रा, सिगरेट का पैकेट और कुछ अन्य सामान मिला**
- **घुसपैठिये के पास से एक आईडी कार्ड मिला है, जिस पर उर्दू में कुछ लिखा हुआ है**

इसी दौरान बीएसएफ जवानों ने उसे सचेत किया। फिर भी वह नहीं माना। इसके बाद जवानों ने उसे ढेर कर दिया। उसके पास कुछ पाकिस्तानी मुद्रा, सिगरेट का पैकेट और कुछ अन्य सामान मिला है। सेना और पुलिस जानकारी जुटाने में लगी है। बॉर्डर पर मारे गए घुसपैठिए के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सेना और पुलिस के अफसरों के बीच लगातार बातचीत हो रही है। घुसपैठिए के पास से एक आईडी कार्ड मिला है, जिस पर उर्दू में कुछ लिखा है।

एसपी गौरव यादव ने बताया कि घटनास्थल श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर है। ग्रामीण इलाके में कोहरे के कारण सुबह पुलिस नहीं पहुंच पाई थी। घुसपैठिए ने कुर्ता और पायजामा पहना था। उसका चेहरा ढका हुआ था। बीएसएफ अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। केसरीसिंहपुर एसएचओ जितेंद्र स्वामी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तक पहुंच पाई थी। घटनास्थल पर घुसपैठिए के पास क्या मिला है और वह किस उद्देश्य से इस तरफ आया था, इस बारे में किसी भी जानकारी का अभी खुलासा नहीं कर पाएंगे।

श्रीगंगानगर में 10 महीने पहले भी एक घुसपैठिया मारा गया था। वह रात एक बजे पाकिस्तान सीमा से तार फेंसिंग लांघकर भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षा बलों को हलचल दिखी तो उन्होंने पहले घुसपैठिए को चेतावनी दी, नहीं रुका तो उसे मार गिराया था। इस साल अगस्त में बाड़मेर में भी एक घुसपैठिए को बीएसएफ ने पकड़ा था। बाड़मेर से लगती भारतीय सीमा में तारबंदी पार कर घुसपैठिया बॉर्डर से 15 किलोमीटर अंदर सेड़वा के झड़पा गांव तक पहुंच गया था। ग्रामीणों की सूचना पर बीएसएफ और पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की थी। घुसपैठिए का नाम जग्सी कोहली था। वह हाकली खारोड़ा, थारपारकर, पाकिस्तान का रहने वाला था। थारपारकर जाने के लिए लोगों से बस के बारे में पूछ रहा था।

# मुख्य रोकड़िए ने 1.14 करोड़ का गबन किया

**उदयपुर, (कासं)।** मावली विद्युत विभाग में कार्यरत मुख्य रोकड़िए ने विभाग में जमा होने वाली 1 करोड़ 14 लाख रूपए की राशि का फर्जी इन्द्राज कर गबन कर लिया।

- **मावली विद्युत विभाग के मुख्य रोकड़िये धर्मवीर चौधरी ने निगम की राशि का गबन किया**

विद्युत विभाग में कार्यरत सहायक अभियंता ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी नंदन रेलिटक्सी न्यू नवरतन काम्पेलक्स देवरो की मंगरी भुवाणा ने रिपोर्ट दी कि मुझ प्रार्थी ने 21 दिसम्बर को एक शिकायत मावली थाने में दर्ज करवाई थी।

शिकायत करने के पश्चात हमारे विभाग के लेखाधिकारी एवं सहायक लेखाधकारी एवं उनकी टीम ने मुख्य रोकडिया के पद पर कार्यरत धरमवीर चौधरी पुत्र नारायण लाल चौधरी निवासी गायत्री नगर मावली द्वारा निगम की गबन की गई राशि का प्रारम्भिक स्तर पर आंकलन किया जिसकी अनुमानित राशि लगभग 1 करोड 14 लाख 82 हजार रूपए हैं। निगम की इतनी बड़ी राजस्व राशि बिना निगम की जानकारी के धरमवीर चौधरी द्वारा गबन कर दिए जाने से विभाग को भारी आर्थिक नुकसान हुआ हैं। कर्मचारी धरमवीर चौधरी द्वारा राशी के गबन करने के लिए तथा विभाग के साथ धोखाधडी करने के लिए केश बुक में राशि जमा होने की फर्जी इन्द्राज कर दस्तावेजों की कूटरचना की है।

साथ ही निगम काउंटर पर संग्रहित होने वाली रोकड राशि को भी निगम के बैंक खाते में जमा नहीं करवाया है। निगम के कर्मचारी धरमवीर चौधरी मुख्य रोकडिया द्वारा विभाग के गबन की गई राशि का पता 19 दिसम्बर को चला, जिस पर प्रारम्भिक जांच कर 21 दिसम्बर को परिवाद दर्ज करवाया तथा गबन की प्रारंभिक जांच के आधार पर अनुमानित राशि 1 करोड़ 14 लाख 82 हजार रूपए के गबन करने के लिए रिपोर्ट दी। रिपोर्ट पर मावली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कुएं में डूबने से किसान की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** वरदा थाना क्षेत्र के मांडव गांव में एक किसान कुएं में गिर गया। किसान की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पैर फिसलने से हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **किसान कुएं पर पानी पीने गया था, पैर फिसलने से गिरा**

वरदा पुलिस के अनुसार मांडव निवासी किसान मोगजी पुत्र अमरजी पाटीदार गांव में बस स्टैंड के पास ग्रामीणों के साथ बैठा था। प्यास लगने पर कुएं की ओर गया, जहां पैर फिसलने से वह कुएं में गिरा और डूब गया। आवाज सुनकर पास ही मौजूद ग्रामीण भी कुएं पर पहुंचे, लेकिन कोई दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मोगजी को बाहर निकाला और सागवाड़ा अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर वरदा थाने से एएसआई मानसिंह भी पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# घर में सो रहे परिवार पर हमला करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

## मंदिर के पास कचरा डालने की बात को लेकर विवाद हुआ था

**खेतड़ी, (निसं)।** पचेरीकलां पुलिस ने देर शाम को थाना क्षेत्र के गूंति गांव में एक माह पहले घर में सो रहे परिवार पर जानलेवा हमला करने के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इस दौरान आपस में मारपीट में दो महिलाओं सहित चार जने घायल हो गए थे, जिस पर पीड़ित की ओर से थाने में 11 जनों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया गया था। मंदिर के पास कचरा डालने की बात को लेकर विवाद हुआ था।

थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि 9 नवंबर को गूंति निवासी सोनू पुत्र भूपसिंह ने रिपोर्ट दी कि उसके पास शिशपाल के नंबर से फोन आया तथा उसे घर पर होने की जानकारी ली गई। इसके बाद उदयभान, नीरज, बिजेंद्र, जोगेंद्र, लोकेश, संदीप, सुरेश, धर्मेंद्र, विजेंद्र व रामकरण गाड़ी व बाइक पर सवार होकर उसके घर आए तथा घर में घुसकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने लगे। शोर शराबा होने पर परिवार के अन्य लोग बीच-बचाव करने आए तो उन्होंने विकलांग पिता व माता के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसकी माता की लज्जा भंग करने का प्रयास किया। मारपीट के दौरान गांव के अन्य लोग भी एकत्रित हुए तो वह गाड़ियों में बैठकर फरार हो गए थे। थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी शरद चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को सूचना मिली कि जानलेवा हमला करने के आरोपी अपने गांव आए हुए हैं, जिस पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर विजेंद्र, जोगेंद्र पुत्र जगदेव, सुरेश पुत्र धर्मपाल, लोकेश पुत्र सुरेंद्र, शिशपाल पुत्र कंवर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव, एएसआई नरेश कुमार, कांस्टेबल विजय सिंह, रामसिंह आदि शामिल थे।



परिवार पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# अटलजी के स्थापित मानक सदैव प्रेरक रहेंगे : शेखावत

## पूर्व प्रधानमंत्री की 100वीं जयंती पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने अटलजी को याद किया

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती पर याद किया। शेखावत ने कहा कि अटलजी ने भारत की राजनीति में सुचिता, पवित्रता, ईमानदारी और देश के प्रति नीति-निर्धारण में प्राथमिकता को राजनीति से ऊपर रखा, उनके स्थापित मानक सदैव प्रेरक रहेंगे।

बुधवार को गृह जोधपुर पहुंचे शेखावत ने एयरपोर्ट और जोधपुर भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि अटलजी ने कहा था कि हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा...उनका यह संकल्प आज भी सिद्ध हो रहा है। भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। तीन बार लगातार बहुमत के साथ में देश में सरकार चलाने वाली पार्टी है। अटलजी ने गठबंधन की सरकारों के जो मूल्य स्थापित किए थे, वो आज सब हम सबके समक्ष हैं। आज उनका स्थापित किया पौधा वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। देश के दो-तिहाई हिस्से में उनकी स्थापित की हुई पार्टी की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सरकार है, जो देश के परिवर्तन और विकसित भारत के लिए काम कर रही है।

- **'अटलजी ने गठबंधन की सरकारों के जो मूल्य स्थापित किए थे, वो आज सब हम सबके समक्ष हैं'**

शेखावत ने कहा कि अटलजी की कविताओं में राजनीति ढूंढना और राजनीति में कविता ढूंढना, इसके सफल-असफल प्रयास आज तक लोग कर रहे हैं। अटलजी को तीन बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला और तीनों बार उन्होंने गुड गवर्नेंस को प्राथमिकता दी। देश के विकास की एक दीर्घकालीन सोच के साथ आगे बढ़े। गांव को सड़कों से जोड़ना हो या रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट, दोनों विषयों के अतिरिक्त समाज के सर्वहारा वर्ग के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया। आज नरेंद्र मोदी जी अटलजी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उसका परिणाम हम सबको दिखाई देता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुशासन वाली नीतियों पर चलने वाली सरकार के चलते आज देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। देश के करोड़ों लोग, जो वर्षों और दशकों से मूलभूत आवश्यकताओं से दूर थे, वो आज विकसित भारत के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री ने विविध कार्यक्रमों में शिरकत की। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जोधपुर भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री ने अटलजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और कार्यकर्ताओं से उनके बताए प्रेरक मार्ग पर चलने का आव्हान किया। इस दौरान भाजपा जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा, सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी सहित अनेक जिला पदाधिकारी मण्डल मोर्चा अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शोक सभाओं में शामिल हुए :-** जोधपुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री शेखावत अनेक शोक सभाओं में भी शामिल हुए। दिव्यांग विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुसुमलता भंडारी के निधन उनके निवास जाकर शोक संवेदना जताई। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष घनशयाम वैष्णव की माताजी गीता देवी के निधन पर आयोजित शोकसभा में शामिल हुए। इसके अलावा अन्य कई शोक सभाओं में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत इसके बाद बालोतरा के कल्याणपुर गए और कल्याणपुर प्रदान वरिष्ठ समाजसेवी उम्मेद सिंह अराबा के निधन पर आयोजित शोकसभा में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री ने अराबा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लाखों का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** जिले की सुखेर थाना पुलिस ने बुधवार को अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए लाखों रूपये का मादक पदार्थ एमडीएमए जब्त कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर योगेश गोयल द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं धरपकड़ हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिस पर उमेश ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर व कैलाशचन्द्र, पुलिस उप अधीक्षक, वृत नगर पश्चिम के सुपरविजन में हिमांशु सिंह थानाधिकारी, सुखेर के नेतृत्व में गठित टीम ने गश्त के दौरान भैरवगढ़, 200 फीट रोड पर पहुंचे। जहां पर तीन युवा उम्र के लड़के पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। जिस पर टीम द्वारा तीनों को रोककर भागने का कारण पूछा तो तीनों युवक घबराने लगे। उक्त तीनों युवकों की गतिविधियां संदिग्ध होने से नाम पता पूछा तो अपना नाम आदिल पिता मोहम्मद अशफाक छीपा निवासी देहली गेट, चित्तौड़गढ़, समीर पिता महबूब छीपा निवासी पुरानी पुलिस चौकी के सामने, छीपा मोहल्ला आयड, भुपालपुरा व अब्बू फैजान पिता रसीद मोहम्मद निवासी कालका माता रोड, गणेश नगर पायड़ा, प्रतापनगर, उदयपुर बताया।

तीनों युवकों की तलाशी ली गई तो आदिल के कब्जे से 39.92 ग्राम एमडीएमए, समीर के कब्जे से 33.74 ग्राम तथा अब्बु फैजान के कब्जे से 30.05 ग्राम एमडीएमए मिली। जिस पर टीम द्वारा तीनों से कुल 103.71 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद की गई। अभियुक्त आदिल, समीर व अब्बु फैजान को पूछताछ कर गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण दर्ज किया।

# अजमेर में कोहरे और ओस ने सर्दी बढ़ाई



अजमर में शीतलहर के कारण लोग अलाव तापते नजर आये।

**अजमेर, (कासं)।** पश्चिम विक्षोभ और पहाड़ों पर हुई बर्फबारी व प्रदेश के जिलों में हुई पहली मवाठ की बारिश के चलते मौसम ने करवट बदली है। मवाठ और ठंडी हवाओं के चलते घने कोहरे व तापमान में गिरावट के चलते शीतलहर ने लोगों को धूजणी छुड़ा दी है।

वर्ष 2024 के अंतिम सप्ताह में कड़ाके की ठंड ने अजमेरवासियों को भी कंपकंपा दिया है। बुधवार सुबह कोहरे ने अरावली की पहाड़ियों ढक लिया। जमीन पर गहरी ओस नजर आई। शहर की ऐतिहासिक आनासागर झील पर कोहरे की चादर छाई रही। सर्द हवाओं के चलते गलन और नमी के अहसास ऊनी कपड़ों के पहनने के बाद भी लोगों को होता रहा। शहर का न्यूनतम तापमान 3.8 और अधिकतम 20.0 डिग्री सेल्सियस रहा। बर्फीली हवा ने सुबह से ही कंपकंपाया।

पहाड़ियों और आसमान पर कोहरा मंडराता रहा। धूप निकलने के बाद भी सर्दी के तीखे अंदाज बने रहे, दिनभर सूरज की आंख मिचोली चलती रही। दोपहर बाद धूप में तेजी आई, लेकिन ठंडी हवाओं से ठिठुरन कायम रही। ठंड से बचाव के लिए लोग अल सुबह अलाव जलाकर राहत पाते देखे गए। बाजारों और सड़कों पर देर रात दिखने वाली रौनक भी जल्द सिमट गई।

# बोरवेल में फंसी बालिका को बाहर नहीं निकाला जा सका

- **बच्ची के दादा समेत अन्य परिजन व ग्रामीणों ने प्रशासन पर रेस्क्यू ऑपरेशन में लापरवाही बरते जाने के आरोप लगाये**
- **एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये तमाम प्रयासों को सफलता नहीं मिली**

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढाणी बडीयाली में सोमवार दोपहर करीब दो बजे बोरवेल में गिरी तीन वर्षिय मासूम बालिका चेतना पुत्री भूपेन्द्र चौधरी को बुधवार रात्रि आठ बजे तक घटना के लगभग 54 घण्टे का समय बीत गया। इसके बाद भी बोरवेल से बालिका को बाहर निकालने में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये तमाम प्रयासों को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

इधर अब चेतना के माता-पिता सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं बच्ची के दादा हरसहाय चौधरी समेत अन्य परिजन व ग्रामीण प्रशासन पर रेस्क्यू ऑपरेशन में लापरवाही बरते जाने का आरोप भी लगा रहे हैं। दादा हरसहाय चौधरी ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पहले मिट्टी हटाने की बात कही गई। फिर 28 घण्टे बाद मशीन से गड्डा खोदने का फैसला किया गया। प्रशासन समय से निर्णय नहीं ले पा रहा है। ग्रामीणों में इस बात का आक्रोश था कि इतनी बड़ी घटना हो जाने के बावजूद भी जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल मौके पर क्यों नहीं पहुंची है। हालांकि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विधायक हंसराज पटेल की मॉनीटरिंग में पुलिस प्रशासन के अधिकारी निरन्तर मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं। घटना के बाद से ही एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, एसपी राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट सहित पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है। एसडीएम बृजेश चौधरी ने बताया कि दोनों ऑपरेशन जारी है। बुधवार सुबह रोशनी की कमी के कारण ऑपरेशन के संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ा। विराटनगर के पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर ने भी बुधवार शाम मौके पर पहुंच कर घटनाक्रम की जानकारी ली।



बोरवेल में फंसी बालिका को निकालने के लिए एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें लगी हुई है।

जानकारी के अनुसार चेतना करीब 750 फीट गहरे बोरवेल में करीब 120 फीट पर अटकी हुई है। प्रशासन द्वारा प्लान ए के तहत देशी जुगाड़ से बच्ची को निकालने के लिए किये जा रहे प्रयास विफल रहने के बाद प्लान बी के तहत हरियाणा के मानेसर से पाईलिंग मशीन मंगवाई गई जो कि मंगलवार व बुधवार की मध्य रात्रि को मौके पर पहुंची। पाईलिंग मशीन के लिये 20 फीट लम्बाई व चौड़ाई के साथ 25 फीट गहरा एक गड्डा बोरवेल से करीब 20 फीट दूरी पर खोदकर पाईलिंग प्लेटफॉर्म तैयार किया गया। जिसके बाद मशीन के द्वारा बुधवार सुबह आठ बजे खुदाई शुरू कर करीब 40 फीट खुदाई करने के बाद ही मिट्टी के धंसने के कारण ऑपरेशन को रोक दिया गया था। बताया जा रहा है कि पाईलिंग मशीन द्वारा 110 फीट गहरी खुदाई की जायेगी। गड्डे में मिट्टी ना ढहे इसके लिये खेतड़ी से केसिंग व दूदू से पाइप मंगवाये गये हैं। जिसके साथ गड्डा खोदा जायेगा। इसी के चलते गड्डा खोदने का कार्य बुधवार को दिन में करीब साढ़े चार घण्टे तक रूका रहा। जिसके बाद शाम करीब 05.45 बजे फिर से काम शुरू किया गया। पाईलिंग मशीन के साथ ड्रिल के लिये चार फीट व्यास का बिट लगाया गया है। एनडीआरएफ निरीक्षक योगेश मीणा ने बताया कि 20 फीट की दूरी पर 150 फीट गहरी समानान्तर सुरंग खोदी जायेगी। जिसके बाद एक छोटी टनल बनाकर बच्ची तक पहुंचेंगे। शुरूआत में बच्ची को 155 फीट की गहराई पर देखा गया था। इसलिये सुरंग के जरिये हम 160 फीट की गहराई पर जायेंगे।

बच्ची हमारे ऊपर हो इससे हम नीचे से बोरवेल में बच्ची तक सबसे सुरक्षित तरीके से पहुंच सकेंगे। फिलहाल जी शेप हुक के जरिये बच्ची को बोरवेल में अटकाया हुआ है। वहीं दूसरी ओर प्लान ए के तहत देशी तकनीक से एल बैंड लगाकर भी चेतना को बाहर खींचने के प्रयास विफल होने के बाद अम्ब्रेला बेस व जी शेप हुक लगाकर बाहर निकालने के प्रयास किये जा रहे है। हालांकि मंगलवार अल-सुबह से ही बालिका की कोई मुवमेंट दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं दूसरी ओर बुधवार शाम करीब छह बजे हरियाणा से 200 फीट क्षमता की एक अतिरिक्त पाईलिंग मशीन भी मौके पर पहुंची है, जिसके लिये गुजरात से ऑपरेटर आये हैं।

# मीरां बाईसा पर आपत्तिजनक बयान देने पर राजपूत समाज में आक्रोश

**जयपुर।** युवा शक्ति संयोजन के मुख्य ध्वजवाहक शक्ति सिंह बांदीकुई ने आज कानून मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल के भक्त शिरोमणि मीरां बाईसा पर दिए गए आपत्तिजनक और गलत बयानों के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

बांदीकुई ने कहा, "इतिहास पर हमले दर हमले हो रहे हैं, और अब तो सरकार के कानून मंत्री तक हमारे आदर्शों और परंपराओं पर भद्दे बयान देने से नहीं चूक रहे। मंत्री द्वारा मीरां बाईसा के जीवन और हमारे गौरवशाली इतिहास के बारे में किए गए मनगढ़ंत दावों ने न केवल क्षत्रिय समाज, बल्कि समस्त सनातनी समाज की भावनाओं को आहत किया है।"

उन्होंने स्पष्ट किया कि मंत्री का यह कहना कि मीरां बाईसा के पति कुंवर भोजराज की मृत्यु खानवा युद्ध में हुई थी, ऐतिहासिक रूप से पूरी तरह से गलत है। "भोजराज खानवा के युद्ध से छह वर्ष पहले ही स्वर्ग सिधार चुके थे। इसके अलावा, मंत्री मेघवाल का यह दावा कि विवाह के एक साल बाद भोजराज की मृत्यु हो गई थी, भी गलत है। भोजराज का निधन विवाह के सात वर्ष बाद हुआ था, और उनके अंतिम समय में मां मीरा ने स्वयं उन्हें अपनी गोद में लेकर अपने पद पधारो श्रीजी संग सरकार, खुले है मन मंदिर के द्वार, तुम्हारी दासी करे इंतजार, पधारो श्रीजी संग सरकार...... का गायन किया था।"

**■ माफ़ी मांगे कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, अन्यथा देशव्यापी आंदोलन होगा**


शक्ति सिंह बांदीकुई ने मंत्री के इस बयान को और भी आपत्तिजनक बताया जिसमें उन्होंने कहा कि मीरां बाईसा का देवर उनसे विवाह करना चाहता था। "यह बयान हमारी क्षत्रिय परंपरा और समाज की गरिमा पर गंभीर आघात है। क्षत्रिय समाज में देवर और भाभी के रिश्ते को पवित्रता और मां-पुत्र समान माना जाता है। इस तरह के निराधार बयान न केवल हमारे समाज के आदर्शों का अपमान करते हैं, बल्कि इतिहास के साथ भी छेड़छाड़ करते हैं।"

शक्ति सिंह बांदीकुई ने मांग की कि अर्जुनराम मेघवाल समस्त राजस्थान और क्षत्रिय समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। साथ ही, उन्होंने कहा कि मंत्री को मीरां बाईसा के मेड़ता स्थित मंदिर में जाकर नाक रगड़कर दण्डवत माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंत्री मेघवाल माफी नहीं मांगते, तो समूचे देश के मीरा भक्त उनसे जवाब मांगेंगे। "मीरां बाईसा केवल क्षत्रिय समाज का नहीं, बल्कि पूरे भारत का गौरव हैं। उनके नाम और सतीत्व पर अनर्गल टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।"

अंत में, शक्ति सिंह बांदीकुई ने नेताओं को आगाह करते हुए कहा, "मीरां बाईसा को जाति और धर्म की सीमाओं में बांधने का प्रयास न करें। उनके गुरु संत रविदास ने जो संदेश दिया, वह समाज के हर वर्ग और हर धर्म को जोड़ने का था। ऐसे पवित्र व्यक्तित्व पर सस्ता ज्ञान बांटने की कोशिश न करें।"

# मुख्यमंत्री ने स्व.अटल बिहारी को पुष्पांजलि अर्पित की




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। शर्मा ने कहा कि भारत रत्न वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे। वे राजनीति में मर्यादा, धैर्य और सौम्यता के प्रतीक थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का अद्वितीय स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वाजपेयी द्वारा प्रारम्भ किए गए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और सर्वशिक्षा अभियान जैसे जन-कल्याणकारी निर्णयों ने देश को नई दिशा दी। उनके नेतृत्व में मई 1998 में पोकरण में किए गए परीक्षण से भारत परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शी और जबावदेह कार्यों के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करने के लिए आज पूरा देश उनको नमन करते हुए सुशासन दिवस मना रहा है।**

# धूमधाम से मनाया क्रिसमस का त्यौहार

**जयपुर।** ईसाई धर्मावलंबियों ने बुधवार को क्रिसमस का त्यौंहार धूमधाम से मनाया गया। चर्च में प्रार्थना सभा की गई और बच्चों में चॉकलेट और टॉफियां बांटी गई। लोगों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। मसीह समाज के लोगों ने अपने घरों में बने केक को एक-दूसरे घर भेजकर क्रिसमस की बधाई दी।

चर्च में सजी झांकियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहीं। प्रभु यीशु से जुड़ी झाकियों को देख यहां लोग मंत्र मुग्ध हो गए। इसके साथ ही छोटी-छोटी झोपड़ी भी बनाई गई थीं और उस दौर के परिवेश को दिखाने की कोशिश की गई थी। रंग बिरंगी लाइटें लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। गिरिजाघरों की रौनक देखते ही बन रही थी। रंगीन फर्रियों से सजे और रोशनी से जगमगाते चर्च में खास सजावट की गई। घर-घर क्रिसमस ट्री लगाए गए और क्रिसमस केक तैयार किए गए। मसीह समाज के श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु को याद कर एक- दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाई दी। गिरजाघरों में यीशु के जन्म को दर्शाती हुई झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। ईसाई धर्मगुरुओं ने विशेष प्रार्थना सभाओं में यीशु की शिक्षाओं को अपनाने पर जोर दिया। लोगों ने यीशु के सामने मोमबत्तियां जलाकर जीवन में प्रकाश की कामना की और खुशी को घंटियां बजाकर व्यक्ति किया। खुशियां बांटने के लिए केक काटे गए। चर्च में छोटे बच्चे सांता बनकर पहुंचे। वहीं युवा लाल रंग की कैप लगाए हुए नजर आए। सांता ने बच्चों को चॉकलेट, टॉफी दी।

इसी प्रकार घाटगेट स्थित सेक्रेड हार्ट चर्च, चांदपोल स्थित सेंट एंड्रयूज चर्च, निर्मल पथ अजमेर रोड स्थित न्यू अपोस्टोलिक चर्च, सी स्कीम अशोक नगर के सेंट जेवियर्स चर्च, शिप्रा पथ मानसरोवर स्थित मार्थोमा चर्च, चर्च रोड गोपालबाड़ी स्थित ऑल सेंट्स चर्च, विद्याधरनगर स्थित पेंटेकोस्टल मिशन सोसाइटी चर्च, गुर्जर की थड़ी स्थित मोरग्रेगोरियोस जैकोबाइट सीरियन चर्च, अजमेर रोड स्थित न्यू लाइफ फेलोशिप चर्च, मरुधरनगर अजमेर रोड स्थित अगापे फेलोशिप चर्च सहित करीब तीस चर्चों में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया।



**जयपुर में चांदपोल स्थित सेंट एंड्रयूज चर्च में ईसाई श्रद्धालुओं ने क्रिसमस ट्री बनाकर एक-दूसरे को बधाई दी।**

## कार ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मारी

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर कार्यालय के सामने डिवाइडर के पास खड़ी महिला को एक कार ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार विद्याधर नगर निवासी 71 वर्षीय प्रेमलता पत्नी बजरंग लाल किसी काम से नगर निगम के पास आई थी। 24 दिसम्बर को शाम करीब पांच बजे एक कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक ने ही महिला को जयपुरिया अस्पताल में भर्ती करवाया।

# मोटे मुनाफे का लालच देकर 2.30 लाख रु. ठगे

**जयपुर।** मुहाना इलाके में इन्वेस्ट करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक युवक से 2.30 लाख ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार कृष्णा सरोवर कॉलोनी निवासी अरुण शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास इंस्टाग्राम पर एक मैसेज आया। इसमें एक कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफे का झांसा दिया गया। इसके बाद उसके पास एक लिंक भेजा गया है। लिंक भेजने वाले ने उसके पास अपना मोबाइल नम्बर भी भेजा था।

इसके बाद पीड़ित ने निवेश करना चालू कर दिया। निवेश करने के बाद उसे शुरुआत में कुछ रुपए लाभांश के रूप में दिया गया। इस प्रकार उसने कई बार में 2.30 लाख रुपए का निवेश कर दिया। आरोपी ने उसे बाद में लाभांश देना बंद कर दिया। पीड़िता ने आरोपी से सम्पर्क किया तो टारगेट पूरा करने के लिए उसे और निवेश करने की बात कहीं। इस पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली।




**जयपुर महानगर के विद्याधर जिला के शास्त्री नगर प्रखंड में शौर्य संचलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें 300 से अधिक दुर्गावाहिनी की बहनों ने दंड धारण करके शौर्य संचलन में भाग लिया। कार्यक्रम में जयपुर क्षेत्र की क्षेत्रीय संयोजिका लता ने धर्म रक्षा का संदेश देते हुए आसुरी शक्तियों के खिलाफ जन जागरण और युवतियों को जोड़ने का आव्हान किया। मंच संचालन विद्याधर जिला सह संयोजिका चांदनी के द्वारा रहा एवं मंच पर प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। जिले और प्रखंड से अन्य दायित्वन कार्यकर्ता भी आयोजन में उपस्थित रहे।**

# एकल पट्टा मामले में सचिवालय कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**■ आरोप है कि वर्ष 2013 में फर्जी दस्तावेजों से अशोक नगर थाने में एकल प्रट्टा प्रकरण की फाइल गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी**

**जयपुर।** राजस्थान के चर्चित एकल पट्टा मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। इस मामले से जुड़ी पत्रावली (फाइल) गुम होने के मामले में 9 साल पहले दर्ज हुई एफ.आई.आर. पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। अब उस पुरानी एफआईआर को लेकर अशोक नगर थाने में एक नई प्राथमिकी दर्ज हुई है, जिसमें कूटरचित (जाली) दस्तावेजों के आधार पर फाइल की गुमशुदगी थाने में दर्ज करवाने का आरोप सचिवालय के कर्मचारियों पर लगा है। फिलहाल अशोक नगर थाना पुलिस इस पूरे मामले को लेकर पड़ताल में जुटी है।

थानाधिकारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि एकल पट्टा मामले की जांच कर रही समिति के सचिव रवि शर्मा ने मुकदमा दर्ज करवाया है कि शासन सचिवालय के कर्मचारियों ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एकल पट्टा प्रकरण की पत्रावली की गुमशुदगी 29 अगस्त 2013 को अशोक नगर थाने में दर्ज करवाई थी। ऐसे में सचिवालय के कर्मचारियों के खिलाफ यह नया मुकदमा दर्ज हुआ है, जिसकी जांच थानाधिकारी उमेश बेनीवाल कर रहे हैं।

गौरतलब है कि एकल पट्टा प्रकरण से जुड़ी फाइल गुम होने की रिपोर्ट 29 अगस्त 2013 को अशोक नगर थाने में दर्ज हुई थी। एकल पट्टा मामले की जांच कर रही समिति की पड़ताल में यह सामने आया कि उस समय कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फाइल गुम होने की रिपोर्ट अशोक नगर थाने में दर्ज करवाई गई थी। ऐसे में रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अब आईपीसी की धारा 420, 465, 467, 468 और 120बी के तहत यह मुकदमा दर्ज हुआ है।

# भाजपा आज मनाएगी "वीर बाल दिवस"

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को देशभर में "वीर बाल दिवस" मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस पर सिख गुरू गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा मुख्यालय पर साहिबजादों की शहादत की स्मृति में शब्द कीर्तन होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सुबह 11 बजे कार्यक्रम में सम्मलित होंगे।

उन्होंने बताया कि वीर बाल दिवस पर प्रदेश मुख्यालय के साथ प्रत्येक मंडल पर एक विशेष सभा का आयोजन कर साहिबजादों के बलिदान के बारे में युवाओं को बताया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय गुरूद्वारा में शब्द कीर्तन, मंडल एवं जिलों में प्रभात फेरी का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के साथ जिला स्तरीय बौद्धिक संगोष्ठी, स्कूल-कॉलेजों में विचार संगोष्ठी के साथ भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेशभर में सभी जिला मुख्यालयों पर वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए भाजपा की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। समन्वय समिति में प्रणवेंद्र शर्मा को संयोजक, सह संयोजक सरदार अजयपाल सिंह, जितेंद्र मीणा, डॉ अशोक यादव, विक्रम सिंह शेखावत, डॉ चंद्रदीप हाडा को बनाया गया है।

# लूट-डकैती व हत्या के मामलों में लिप्त 24 बदमाश गिरफ्तार

## जयपुर पुलिस ने "ऑपरेशन हाईड आउट सर्च" अभियान चलाया

**जयपुर (कासं)।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस जिला पुलिस ने ऑपरेशन हाईड आउट सर्च के तहत बुधवार को चौबीस मोस्ट वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों पर डकैती,लूट और हत्या समेत कई मामले दर्ज थे और लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस इन आरोपियों को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि एक अक्टूबर से ऑपरेशन हाईड आउट सर्च चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन के तहत जिला और थाना स्तर पर अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की गई थी। इस दौरान ऐसे आरोपियों का डाटा तैयार किया और जिनके खिलाफ से ज्यादा बार चालान पेश हो रखे थे। इसके साथ ही जो बार-बार अपराध कर रहे थे। टीम की ओर से अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर इन चौबीस मोस्ट बदमाशों की गिरफ्तारी की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि झालावाड़ से तारा मीणा निवासी कालवाड,चौमू से मुकेश सैनी निवासी ब्रहमपुरी, विजय कुमार मीणा निवासी जयपुर, भांकरोटा से संजय चौधरी निवासी भरतपुर,चित्रकूट से अजीत चौधरी निवासी सदर जयपुर,बनीपार्क से रमेश कश्यप निवासी यूपी,प्रकाश कश्यप यूपी,करधनी से राहुल यादव निवासी झोटवाड़ा, मुरलीपुरा से दशरथ सिंह निवासी नागौर,अजय सिंह उर्फ दिलीप सिंह निवासी करधनी जयपुर,दौलतपुरा से राकेश यादव निवासी श्रीमाधोपुर ,झोटवाड़ा से नरेन्द्र सिंह निवासी दूदू जयपुर,चौमू से कैलाश नायक निवासी चौमू, करधनी विजय सिंह निवासी करधनी जयपुर,रामस्वरूप, राजेन्द्र कुमार स्वामी उर्फ गज्जू,मुरलीपुरा से विरेन्द्र यादव,चौमू से संतोष उर्फ संतु मीणा, सिंधी कैंप से साहिल मंसूरी उर्फ एलम,वैशाली नगर से नदां उर्फ नंदकिशोर राम नारायण उर्फ रूपा मीणा और बनीपार्क से हिमांशु जांगिड़ को गिरफ्तार किया है।

## सांता क्लॉज के साथ झूमे बाल कैंसर रोगी

**जयपुर (कासं)।** भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में बुधवार को बाल कैंसर रोगियों के लिए क्रिसमस डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। सेलिब्रेशन के दौरान जब लाल ड्रेस पहनकर सान्ताक्लॉज बच्चों के बीच आए तो सभी बच्चों के चेहरे पर ख़ुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। कैंसर केयर (महिला प्रकोष्ठ) और ड्रीम्ज़ फाउंडेशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई। समारोह की मुख्य अतिथि कैंसर केयर संरक्षिका सुनीता गहलोत ने कहा कि ये सभी बच्चे फाइटर है। इनमें कुछ बच्चे कैंसर की जंग जीत चुके है और कुछ की जंग अभी जारी है। हमें इन बच्चों से सीखना चाहिए कि किस तरह जीवन में हर हाल में खुश रहे। इस दौरान सुनीता गहलोत की संगीतमय प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

# 'भाजपा का कार्यकर्ता वाजपेयी के पद चिन्हों का अनुसरण कर रहा है'

**जयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर बोलते हुए हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि कोई चलता है पदचिन्हों पर तो कोई पद चिन्ह बनाता है।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी शख्सियत थे कि उन्होंने जो पद चिन्ह बनाएं उसका अनुसरण भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता करता है। डॉ. पूनिया ने कहा कि अटलजी की समाधि का नाम सदैव अटल है और युगों-युगों तक जब तक यह सृष्टि रहेगी अटल बिहारी वाजपेयी का नाम रहेगा। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि जब हमने अपने विचार और संगठन की शुरूआत जनसंघ के तौर पर की थी तब उस समय हमारे राजनीतिक विरोधी मजाक उड़ाते थे। हमारे विरोधी बोलते थे कि जिस दिए में तेल नहीं, सरकार चलाना खेल नहीं। डॉ. पूनिया ने कहा कि हमने तीन प्रतिशत और तीन सीटों से शुरूआत की। दुनिया ने भाजपा के विचारों की प्रबलता देखी और हम देश की हुकुमत पर 303 सीटों पर काबिज हुए।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा के शुरूआती दौर में लोग यह भी कहते थे कि संगठन बनाना सपने जैसा है। वाजपेयी की कही गई पंक्तियों को याद करते हुए डॉ.पूनिया ने कहा कि 1980 के भाजपा अधिवेशन में अटलजी ने कहा था "अंधेरा हटेगा, सूरज उगेगा, कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि आज निश्चित तौर पर भाजपा का स्वर्णिम कमल पूरी दुनिया के नक्शे पर खिल रहा है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है।" उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जो हौंसला और प्रेरणा हमें दी।

# भांकरोटा अग्निकांड में घायल युवती सहित तीन और लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

## अजमेर-जयपुर एक्सप्रेस हाईवे पर गत 20 दिसंबर को ट्रक की टक्कर के बाद एल.पी.जी. गैस टैंकर में ब्लास्ट हुआ था, अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी

**जयपुर (कासं)।** भांकरोटा इलाके में अजमेर-जयपुर एक्सप्रेस हाईवे पर 20 दिसंबर की सुबह एलपीजी गैस टैंकर ब्लास्ट में गंभीर रूप से झुलसी युवती सहित तीन और लोगों की बुधवार को उपचार के दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल में मौत हो गई। पिछले 4 दिन में मरने वालों की संख्या अब 18 पहुंच गई है। इसमें एक पूर्व आईएएस भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार एलपीजी गैस टैंकर ब्लास्ट में गंभीर रूप से झुलसे विजेता (22) निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) विजेंद्र (36) निवासी भुरीबड़ाज पावटा (जयपुर) और बंसीलाल (35) की बुधवार सुबह मौत हो गई। विजेता और विजेंद्र 70-70 प्रतिशत झुलसे थे। गंभीर रूप से झुलसे 15 मरीजों का अभी सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में इलाज चल रहा है। दोनों के शवों को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दी है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को दिए जाएंगे।

**■ इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसे 15 मरीजों का अभी सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में इलाज चल रहा है।**

गौरतलब है कि मंगलवार को भी दो लोगों की मौत हुई थी। इसमें एटा (यूपी) के रहने वाले नरेश बाबू और नूंह (हरियाणा) के यूसुफ शामिल हैं। एसएमएस प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर राकेश जैन ने बताया कि अब तक उठारह लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को दो लोगों की मौत के बाद बुधवार को भी सुबह दो लोगों ने और दोपहर को एक व्यक्ति ने दम तोड़ा। जिनमें एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं।

अब गंभीर रूप से घायल एक मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया है। इसे मिलाकर पन्द्रह लोगों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा पांच अन्य मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। तीन को सोमवार को और दो को मंगलवार को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया था।

गौरतलब है कि अजमेर रोड पर भांकरोटा डीपीएस स्कूल के पास बीस दिसंबर को हुए हादसे में चार लोग मौके पर ही जिंदा जल गए थे। आठ लोगों ने उसी दिन सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। एक मौत जयपुरिया हॉस्पिटल में हुई थी।

टैंकर में गैस लीकेज के बाद आग इतनी तेजी से फैली थी कि चालीस से ज्यादा गाड़ियां उसकी चपेट में आ गई थी। टैंकर के ठीक पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई थी।

एक्सीडेंट की वजह से बस का दरवाजा एक ट्रक से चिपक गया। इस कारण उसमें सवार चौतीस लोगों को बाहर निकलने की जगह ही नहीं मिली। बड़ी मुश्किल से ड्राइवर वाले गेट से लोगों को बाहर निकाला गया। आग बुझने के बाद कई शवों को पोटली में डालकर अस्पताल ले जाया गया था।

भांकरोटा एलपीजी अग्निकांड में चौथे अज्ञात मृतक की पहचान हो गई है। मृतक कालूराम पुत्र डालूराम चित्तौड़गढ़ निवासी है और वह उदयपुर से जयपुर आने वाले बस का खलासी था। मृतक की पहचान उसके पुत्र व पुत्री के डीएनए के मिलान से हुआ है। मृतक की पहचान को लेकर चार दिन से जयपुर पुलिस ने चितौड़गढ़ में डेरा डाल रखा था।

मृतक के पास मिले आधार कार्ड में अधूरा नाम-पता लिखा था। मंगलवार को परिजनों का पता चलने पर डीएनए सेम्पल लेकर उसका मिलान किया गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि एलपीजी टैंकर के ड्राइवर के जिंदा मिलने के बाद एक अधजले शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। हादसे में एक मृतक को छोड़कर सभी की पहचान हो चुकी थी।

उदयपुर की लेकसिटी ट्रैवल्स की बस के खलासी कालूराम जाटिया का पता नहीं चला है। चितौड़गगढ़ में उनके शंभूपुरा स्थित घर पर टीम भेजी गई। वहां उनके परिजन नहीं मिले। उनके पिता काफी समय पहले डबोक एयरपोर्ट पर चौकीदारी का काम करते थे।

वहां भी टीम भेजकर परिजनों की जानकारी जुटाई गई। परिजनों का पता चलने के बाद शव के डीएनए का मिलान करवाया गया।

# शिल्पग्राम उत्सव: देश की सतरंगी लोक संस्कृति एक मंच पर साकार हुई

## बहरूपिया कलाकारों को मिला मंच, दिनभर मेला प्रांगण में लोगों को हंसाते रहे



उदयपुर के शिल्पग्राम में मुक्ताकाशी रंगमंच पर प्रस्तुति देते कलाकार।

- **ओडिशा में भगवान जगन्नाथ को रिझाने के लिए किए जाने वाले नृत्य गोटीपुआ में नर्तकों ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया**

**उदयपुर,** (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा हवाला-शिल्पग्राम में आयोजित मुक्ताकाशी मंच पर बुधवार को पांचवे दिन ओडिशा में भगवान जगन्नाथ को रिझाने के लिए किए जाने वाले नृत्य गोटीपुआ में नर्तकों ने भक्ति नृत्य में एक्रोबेटिक शैली से दर्शकों को कई बार आश्चर्यचकित किया। वहीं खूब वाहवाही भी लूटी। वहीं मेवाड़ी गेर ने भी भरपूर मनोरंजन किया।

भूंगड़ खान एंड पार्टी ने मांगणियार गायन में जहां शानदार प्रस्तुतियों से माहौल में सूफी रंग भर दिया, वहीं राजस्थानी गीत-संगीत को अपने खास अंदाज में पेश कर खूब दाद पाई। मणिपुर का पुंग ढोल चेलम में विशेष प्रकार के ढोल के साथ सुंदर नृत्य पेश कर दर्शकों को खूब रिझाया। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के बीरभूम, बर्धमान और मुर्शिदाबाद जिलों के फोक डांस राय बेंस में दर्शकों को एक्रोबेटिक, मार्शल आर्ट और फोक का अनूठा संगम देख बहुत रोमांचित हुए। पश्चिम बंगाल के ही नटुआ डांस में भी फोक और एक्रोबेटिक का खूबसूरत समन्वय दिखा। इनके आलावा भारतीय पारंपरिक खेल मलखंभ के करतबों ने दर्शकों की भरपूर तालियां लूटी।

इधर, मुक्ताकाशी रंगमंच पर इस बार शिल्पग्राम में बहुरूपिया कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। पहले वे शिल्पग्राम में हर साल आते व दिनभर मेला प्रांगण में ही लोगों का मनोरंजन करते थे लेकिन इस बार उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने व विलुप्त होती उनकी इस कला को बचाने के लिए मंच प्रदान किया गया। इस बार शिल्पग्राम में बांदीकुंई से अकरम व उनके साथियों का बहुरूपिया दल शिल्पग्राम में आया हुआ है।

वहीं लोक नृत्यों के साथ ही गुजराती आदिवासी डांस राठवा की रोमांचक शैली पर दर्शक झूमने लगे। साथ ही, हिमाचल प्रदेश के सिरमौरी नाटी ने दर्शकों का मन जीत लिया। वहीं, कश्मीर के लोक नृत्य रौफ में डांसर्स के सुंदर समन्वय और 'बुमरो बुमरो श्याम रंग बुमरो' के गीत-संगीत पर दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। इनके साथ ही उत्तर प्रदेश के ढेडिया नृत्य ने माहौल को राममय बना दिया। राजस्थान के प्रसिद्ध भवाई नृत्य में डांसर्स के रोमांचक करतब देख लोक कलाप्रेमी न केवल हतप्रभ ही हुए, बल्कि हर खूबसूरत करतब पर जमकर तालियां बजाकर दाद दी। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया छाऊ लोक नृत्य ने भी कला प्रेमियों का दिल जीत लिया।

लोक नृत्यों के साथ ही लोक कला के अन्य रूपों बहरूपिया और माइम (मुकाभिनय) ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इन प्रस्तुतियों के दौरान दर्शकों ने कई बार ठहाके भी लगाए। वहीं, आरंभ में नगाड़ा वादन पर सैकड़ों कला प्रेमी झूम उठे। वहीं, जुम्मे खान के भपंग वादन ने लोककला प्रेमियों का मन मोह लिया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि गुरुवार को कावड़ी कड़गम (तमिलनाडु), संबलपुरी (ओडिशा), बिहू (असम) जैसे लोक नृत्य दर्शकों का मन मोहेंगे, वहीं हरियाणा की घूमर डांस भी रिझाएगा। इनके साथ ही मणिपुर के थांगता एंड स्टिक में मार्शल आर्ट का रोमांचक प्रदर्शन होगा।

# महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी मामले में तीन गिरफ्तार

## दामाद की गिरफ्तारी का डर दिखाकर महिला से 66.70 लाख रुपये ठगे थे

- **तीन दिन तक श्रीगंगानगर पुलिस सादा वर्दी में भोपाल में डेरा डाले रही, वहां से आरोपियों को पकड़ा**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शहर के अग्रसेन नगर निवासी महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 66.70 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी भोपाल के रहने वाले हैं। श्रीगंगानगर पुलिस ने इन्हें भोपाल में पकड़ा है। आरोपी वहां झुग्गी झोपड़ियों में रहते हैं।

घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपियों ने ठगी करते ही इस रुपए को करीब 50 खातों में रोटेट किया। इन्हीं खातों में से पहला नंबर इन आरोपियों का था। यानी इन आरोपियों ने घटना को अंजाम देने वाले साइबर ठगों को अपना बैंक खाता उपयोग करने की अनुमति दी। साइबर ठगों ने इन खातों का उपयोग कर घटना की। इनसे आगे की चेन खंगाली जा रही है।

अग्रसेन नगर के रहने वाले जयभगवान गुप्ता ने इस साल जुलाई में पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी के पास व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले के व्हाट्सएप पर पुलिस अधिकारी की फोटो लगी थी। कॉल करने वाले ने गुप्ता की पत्नी के बताया कि पुलिस ने उनके दामाद को रेप के मामले में पकड़े जाने की बात कही। इस पर गुप्ता की पत्नी घबरा गई। आरोपी ने उनके बताए खातों में रुपए डलवाने को कहा। दामाद की गिरफ्तारी का डर दिखाकर आरोपियों ने अलग-अलग खातों में 66 लाख 70 हजार रुपए डलवा लिए।

पीड़ित के पास जब रुपए खत्म हो गए तो उन्होंने इसके लिए दूसरों से रुपए उधार लेने चाहे तो मामला खुला। मामला दर्ज होने पर जांच अधिकारी डीएसपी कुलदीप वालिया ने उन खातों का पता किया, जिनमें रुपए जमा हुए। जांच में पता लगा कि रुपए जमा होते ही 50 खातों में रोटेट हो गए। इस पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। इस गैंग में पहले नंबर पर पकड़े गए आरोपी भोपाल निवासी मंगल सरसिया पुत्र मुकेश सरसिया, सुमित चन्नाल पुत्र प्रकाश चन्नाल और आरिफ खान पुत्र अनवर खान को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों ने बताया कि उन्हें उनके खाते में रुपए जमा होने की एवज में 3 से 5 हजार रुपए दिए गए।

लोन दिलवाने का झांसा देकर इन लोगों के एटीएम कार्ड, चैक बुक ओर पास बुक अपने पास रख लिए। इसके आधार पर उनके खातों का उपयोग किया। आरोपी भोपाल में झुग्गियों में रहते हैं। बैंक पास बुक में इनका जो पता था वे वहां नहीं मिले। इस पर उन्हें दूसरी झुग्गियों में तलाशा गया। तीन दिन श्रीगंगानगर पुलिस सादा वर्दी में भोपाल में डेरा डाले रही। वहां आरोपियों का पता लगने पर उन्हें झुग्गियों से बाहर बुलाकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस उन्हें लेकर श्रीगंगानगर आई है।

# हत्या के मामले में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **खेतड़ी के खनन क्षेत्र में काम कर रहा था आरोपी**
- **आरोपी ने दो साल पहले बिहार के जमुई में वारदात की थी**

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने मर्डर के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने दो साल पहले बिहार के जमुई में हत्या की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद वहां से आकर खेतड़ी के खनन क्षेत्र में काम करने लगा था।

सीआई भंवरलाल कुमावत ने बताया कि बिहार पुलिस ने सूचना दी कि बिहार के जमुई इलाके में दो साल पहले एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया था। आरोपी की पुलिस काफी समय से तलाश कर रही थी। इस दौरान दो दिन पहले बिहार पुलिस को सूचना मिली कि हत्या का आरोपी खेतड़ी के करमाड़ी गांव के खनन क्षेत्र में मशीन चलाने का काम करता है। जिस पर वहां की पुलिस ने खेतड़ी पुलिस को सूचना दी, जिस पर सीकर एसपी भूवन भूषण यादव के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर करमाड़ी के खनन क्षेत्र में दबिश दी गई। इस दौरान बिहार पुलिस द्वारा दी गई सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सामने आया कि उसने दो साल पहले मर्डर की वारदात को अंजाम दिया था। जिस पर पुलिस ने कांगण थाना जमुई बिहार निवासी शैलैश सिंह पुत्र रामबालक सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के गिरफ्तार करने पर जमुई पुलिस खेतड़ी पहुंची, जिस पर खेतड़ी पुलिस ने आरोपी को बिहार पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई। थानाधिकारी ने बताया कि खेतड़ी के खनन क्षेत्र में संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, एचसी सुंडाराम, कांस्टेबल राकेश कुमार मोडसरा, अनिल कुमार आदि शामिल थे।

# चिड़ावा में होटल पर झुंझुनू के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

## पुलिस को नहीं मिला कोई सुसाइड नोट, दो-तीन दिन से युवक लापता था



मृतक युवक।

- **युवक अपने ननिहाल में रहकर रंग-पेंट का काम करता था और कई बार होटल पर अपने मामा के पास आता था**

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के बाइपास पर एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। कस्बे के बाइपास स्थित बालाजी पेट्रोल पम्प के पास एक होटल में आत्महत्या की यह वारदात हुई है।

चिड़ावा सीआई विनोद सामरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदीप उर्फ जॉनी (22 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश कुमावत मूल रूप से झुंझुनू का रहने वाला था जो कि चिड़ावा में वार्ड नंबर 9, जोशियों की बगीची के पास अपने ननिहाल में रहता था। युवक ने बाइपास पर बने होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। होटल गोदारा परिवार का है जिसे दो माह पहले ही मृतक युवक के मामा महेन्द्र ने किराए पर लिया था। मृतक युवक प्रदीप मकानों में रंग-पेंट का काम करता था। और कई बार होटल पर अपने मामा के पास आ जाया करता था। मृतक युवक के पिता का पहले ही देहांत हो चुका है और उसके दो छोटे भाई और हैं। जानकारी मिली है कि मृतक प्रदीप उर्फ जॉनी 2-3 दिन से काम की तलाश में कहीं बाहर गया हुआ था और उसके बारे में परिवार में भी किसी के पास कोई सूचना नहीं थी कि वह कहां गया है। परिवार के लोग अपने स्तर पर युवक की तलाश भी कर रहे थे। बीती रात 10:30 बजे के बाद होटल संचालक महेन्द्र काम खत्म करके होटल पर ही बने अपने कमरे में सोने के लिए चला गया था और उस वक्त प्रदीप उर्फ जॉनी होटल पर नहीं था। वह रात को होटल पर कब आया और अन्दर कैसे आया इसके बारे में भी किसी को कोई जानकारी नहीं थी।

बताया जा रहा है कि देर रात किसी समय होटल पर आकर युवक होटल में ही बनाए गए टिनशेड में लगी गार्टर से फंदा लगाकर झूल गया। सुबह उठने पर होटल संचालक महेन्द्र ने सोनू के शव को देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर एम्बुलेंस से चिड़ावा उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया और मौका मुआयना किया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक प्रदीप उर्फ जॉनी के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों की जानकारी मिल पाएगी।

# डीआरएम अजमेर ने निरीक्षण किया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने बुधवार को मंडल के अजमेर-पालनपुर खंड पर अजमेर से श्रीअमीरगढ़ स्टेशनों के बीच स्थित विभिन्न स्टेशनों पर जारी अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास कार्यों व अन्य गतिविधियों का निरीक्षण किया व अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किए जाने व यात्री सुविधाओं को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए। जिन प्रमुख स्टेशनों का निरीक्षण किया, उनमें ब्यावर, सोजत रोड, मारवाड़ जंक्शन, रानी, फालना, पिंडवाड़ा व श्री अमीरगढ़ शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय संदीप जैन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जितेंद्र मीणा, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर अंकुर झिंगोनिया, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर विजेंद्र कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर विनोद मीणा व शेरसिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों को दो दिन नहीं मिलेगा चंबल का पानी

**भीलवाड़ा/शाहपुरा,** (निसं)। चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम भीलवाड़ा अवजीत सिंह ने बताया कि चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत फेज 1, पेकैज एवं के तहत रॉ एवं क्लियर वॉटर पंपिंग एवं ट्रांसमिशन सिस्टम तथा आरोली डब्ल्यूटीपी के वार्षिक संधारण एवं जनरल रिपेयर कार्य हेतु 26 दिसम्बर प्रात: सात बजे से 36 घंटे का शटडाउन रहेगा। जिसके कारण भीलवाड़ा शहर सहित समस्त भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिले में 26 दिसम्बर सांय से 28 दिसम्बर प्रात: तक चंबल से होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने भीलवाड़ा शहर सहित भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलावासियों से अनुरोध किया है कि शटडाउन पूर्व पेयजल का समुचित भंडारण सुनिश्चित कर लेवे तथा पेयजल मितव्ययता से खर्च करें।

# स्कार्पियो कार की टक्कर से बाइक सवार दो जनों की मौत

- **हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया**

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ में एन. एच. 52 पर श्री कृष्णा धर्मकांटा के पास हिसार की तरफ से आ रही एक स्कार्पियो गाड़ी की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बुधवार को राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ़ में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहीं पुलिस ने मृतक व्यक्तियों का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया।

राजगढ़ थाने में दर्ज मामले में थाना अधिकारी पुष्पेन्द्र झाझाडियां ने बताया कि मुकेश पुत्र विनोद नायक निवासी ख्याली तहसील सिद्धमुख जिला चूरू ने मामला दर्ज करवाया है कि 24 दिसंबर को सांय ख्याली से राजगढ़ के लिए उसका भाई रवि पुत्र विनोद नायक व बलवीर पुत्र उदमीराम निवासी ख्याली एक मोटरसाइकिल पर आ रहे थे एवं उनके पीछे वह तथा महेश कुमार पुत्र सांवलराम स्वामी निवासी ख्याली आ रहे थे। जैसे ही वह एन. एच. 52 पर श्री कृष्णा धर्मकांटा के पास पहुँचे तो हिसार की तरफ से आ रही एक स्कार्पियो गाड़ी चालक ने तेज गति व लापरवाही से उसके भाई रवि व बलवीर को टक्कर मार दी।

दुर्घटना में रवि व बलवीर की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक ने एक बार तो अपना वाहन रोका, लेकिन भीड़ होती देख कर अपना वाहन लेकर भगा कर ले गया। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पतंगों की सजने लगी दुकानें

**निवाई,** (निसं)। मकर संक्रान्ति 14 जनवरी की है, लेकिन अभी से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मकर संक्रान्ति के पर्व से पहले से ही युवक-युवतियों में पतंगबाजी को लेकर देर शाम तक काफी उत्साह देखा जा रहा है, जिसके चलते आसमान में रंग-बिरंगी पतंगे दिखने लगी है। दिनभर वो काटा वो मारा की आवाजें सहित स्पीकरों की आवाजें सुनाई देने लगी है। शीतकालीन अवकाश को लेकर सुबह सूर्योदय के साथ ही बालक छतों पर पहुंचकर पतंग उड़ाने में मशगूल हो जाते हैं। छतों पर लगे ध्वनि यंत्रों की आवाजे गूंजने लगी है। बच्चों के साथ बड़े बुजुर्ग भी मकानों की छतों पर धूप एवं चाय आनन्द लेने के साथ-साथ पतंगबाजी का लुत्फ उठा रहे हैं। शहर के बड़ा बाजार, चौहटी बाजार, बिलाला मार्केट, गणगौरी बाजार व झिलाय रोड सहित अन्य बाजारों में पतंगों की दुकानें सजी हुई है। जिन पर पतंग खरीदने वालों की भीड़ बढ़ रही है। इस दौरान पतंग लूटेरे शहर के मुख्य बाजारों एवं गलियों में नजर आने लगे हैं।

# बेटी ने पिता के शव को कंधा देकर मुखाग्नि दी



मृतक पिता की पुत्री दीपिका ने शव को कंधा देकर मुखाग्नि दी।

**ब्यावर,** (निसं) श्रीमाली ब्राह्मण समाज के स्व. गुलाबचंद ओझा के पुत्र देवेंद्र कुमार ओझा को उनकी इकलोती पुत्री जो कि जोधपुर रहती है, दीपिका बोहरा ने कंधा और मुखाग्नि देकर अपना फ़र्ज़ निभाया। 76 वर्षीय देवेंद्र ओझा एयरफोर्स से डायरेक्टर पद से सेवानिवृत होकर अपनी पत्नी के साथ प्रताप नगर स्थित गली नंबर दो में अपने मकान में रहते थे। उनके उनकी पुत्री के अलावा अन्य कोई संतान नहीं थी दोनों ही एक दूसरे का सहारा बनकर जीवन यापन करते थे। देवेंद्र ओझा श्रीमाली समाज के कर्मठ समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे और बाल मंदिर स्कूल के समिति सदस्य भी रह चुके हैं। उनकी पत्नी वल्लभ देवी गायत्री शक्ति पीठ महिला मंडल की अध्यक्ष पद पर अपना सेवाकार्य कर रही है। श्रीमाली समाज और आसपास क्षेत्र से आये महिला-पुरुषों ने पुत्री को सांत्वना दी।

# श्रीगंगानगर में कुछ हिस्सों में कोहरा छाया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के कुछ हिस्सों और पड़ोसी जिले अनूपगढ़ के जैतसर में बुधवार अलसुबह कोहरे का असर रहा। हालांकि श्रीगंगानगर शहर और केसरीसिंहपुर में हालात सामान्य थे। यहां विजिबिलिटी क्लीयर थी, जबकि श्रीकरणपुर और सूरतगढ़ से सटे जैतसर इलाके में अलसुबह घना कोहरा नजर आया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिला मुख्यालय पर सुबह दिन की शुरुआत सामान्य थी। सर्दी खूब तेज रही। हालांकि न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन सड़कों पर निकले कोचिंग स्टूडेंट, फल-सब्जी वेंडर और दूध बेचने वाले ठिठुरते नजर आए। सुबह से ही सड़कों के किनारे अलाव जलने लगे। तेज सर्दी के चलते मुख्य बाजार में सुबह दस बजे के बाद रौनक नजर आई। सर्दी के चलते बाजार सुबह देरी से खुल रहे हैं। वहीं शाम सात बजे के बाद व्यापारी घरों को लौटने लगते हैं। सर्दी के चलते इन दिनों खान-पान भी बदलने लगा है। गर्म पकवानों की दुकानें सजने लगी है। शहर में शाम ढलने के साथ ही चना सूप, आलू टिक्की और चाय-कॉफी की बिक्री बढ़ने लगी है।

# पत्नी के लिए पति ने जल्दी लिया रिटायरमेंट, उसी दिन पत्नी की हुई मौत

## पति देवेंद्र ने अपनी पत्नी की बिगड़ी सेहत को देखते हुए वॉलंटरी रिटायरमेंट लिया था



पति के रिटायरमेंट समारोह में ही पत्नी दीपिका का देहांत हो गया।

- **देवेंद्र के कार्यालय में रिटायरमेंट समारोह आयोजित किया था, वहीं पर हुई पत्नी की मौत**

**कोटा,** (निसं)। कोटा में खुशियों से भरे दिन में जब पति देवेंद्र संदल अपने रिटायरमेंट के जश्न में थे इसी दौरान उनकी पत्नी दीपिका यह दुनिया छोड़कर चली गई। देवेंद्र ने अपनी पत्नी की बिगड़ी सेहत को देखते हुए वॉलंटरी रिटायरमेंट का आवेदन किया था, ताकि वह अपनी पत्नी का ख्याल रख सके, उनके साथ समय बिता सके, उनका वीआरएस स्वीकृत भी हुआ। वह मंगलवार को रिटायरमेंट के बाद अपने जीवन के अगले पड़ाव की शुरुआत पत्नी के साथ करने वाले थे लेकिन संयोग से उसी दिन रिटायरमेंट समारोह में खुशियों के बीच उनकी पत्नी दीपिका की मौत हो गई। यह दुखद घटनाक्रम शास्त्री नगर के दादाबाड़ी इलाके का है।

देवेंद्र के करीबी पड़ोसी गिरीश गुप्ता ने बताया कि देवेंद्र संदल सेंट्रल वेयर हाऊस में मैनेजर थे। मंगलवार को उनके कार्यालय में रिटायरमेंट समारोह आयोजित किया गया था। समारोह के दौरान दीपिका भी वहां मौजूद थी। सभी लोग देवेंद्र को शुभकामनाएं दे रहे थे लेकिन इस खुशी के पल में अचानक दीपिका कुर्सी पर बैठी-बैठी गिर गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजफैड के कार्यवाहक क्षेत्रीय निदेशक विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि दीपिका के अचानक गिरने के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गिरीश गुप्ता ने बताया कि दीपिका और देवेंद्र की कोई संतान नहीं थी।

दीपिका को दिल की समस्या थी जिसके चलते देवेंद्र ने समय से पहले रिटायरमेंट लेने का फैसला किया था ताकि वह अपनी पत्नी का ध्यान रख सके। रिटायरमेंट के दिन दीपिका पति के स्वागत के लिए अपने घर को सजाकर कार्यक्रम में शामिल होने पति के ऑफिस गई थी। पड़ोसी दोनों के लौटने का इंतजार कर रहे थे लेकिन कुछ ही समय बाद दीपिका की मौत की खबर आई जिसे सुनते ही पूरे कॉलॉनीवासी शोक में डूब गए। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मेरा पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलने का सपना अधूरा ही रह गया। मैं बचपन से पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलना चाहता था। लेकिन कुछ कारणों से ऐसा नहीं हो सका।
- आर. अश्विन

भारतीय गेंदबाज, पाकिस्तान से टेस्ट खेलने का सपना अधूरा रहने पर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी



**रवि शास्त्री**

पूर्व कोच रवि शास्त्री ने गुरुवार से यहां शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत को जीत का दावेदार बताते हुए कहा कि उसने अभी तक ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष क्रम की कमजोरी का पूरा फायदा उठाया है। शास्त्री ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने अकेले दम पर भारत को इस मुकाम पर पहुंचाया जहां बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। कोई भी विदेशी टीम अगर पर्थ, एडिलेड और ब्रिस्बेन में खेलने के बाद1-1 से बराबरी पर हो तो वह इससे प्रेरणा ले सकती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेनिस स्टार जिम्मी कोनर्स के ऊपर 20,000 डॉलर का जुर्माना और दस सप्ताह के लिए उन्हें निरस्त किया गया था।

# जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास

## अश्विन के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय गेंजबाज



दुबई, 25 दिसंबर। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट गेंदबाजी में 904 रेटिंग अंक हासिल कर हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक कुल 21 विकेट हासिल किए हैं और इसके चलते उन्होंने शीर्ष स्थान पर 48 रेटिंग अंकों के अंतर से अपनी बढ़त बढ़ाई है। कगिसो रबाडा 856 रेटिंग अक दूसरे और जॉश हेजलवुड 852 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पैट कमिंस 822 रेटिंग अंक के साथ चौथे, रविचंद्रन अश्विन 789 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा मैट हैनरी (782) छठे, नाथन लायन (770) सातवें, प्रभात जयसूर्या (768) आठवें, नोमान अली (759) नौवें और रवींद्र जडेजा (755) रेटिंग अंक के साथ दसवें स्थान पर है। मोहम्मद सिराज एक स्थान के फायदे के साथ 24वें पायदान पर पहुंच गए हैं। जबकि पिछले टेस्ट की पहली पारी में 152 रनों की पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड यशस्वी जायसवाल को पछाड़ते हुए बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष स्थान पर जो रूट का कब्जा है। गाबा टेस्ट के एक अन्य शतकवीर स्टीव स्मिथ भी शीर्ष 10 में वापसी हुई हैं। स्मिथ ने पिछले मैच में 101 रनों की पारी खेली थी।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोमांचक मुकाबले की संभावना, क्या रोहित शर्मा करेंगे ओपनिंग



मेलबर्न, 25 दिसम्बर। क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दूसरे भाग में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के साथ रोमांचक होने की उम्मीद है। पर्थ टेस्ट में भारत को 295 रन की बड़ी जीत मिली, लेकिन पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद वाले टेस्ट में 10 विकेट की जीत के साथ वापसी की। पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मेलबर्न टेस्ट सीरीज में भारत की किस्मत का फैसला कर सकता है। मौजूदा पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बॉक्सिंग डे टेस्ट भारत के लिए बनाने या बिगाड़ने वाला हो सकता है। रोहित शर्मा पर दबाव है, जिन्होंने अपने पिछले पांच टेस्ट नहीं जीते हैं, लेकिन उनमें से चार हार गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ के बाद से, रोहित को परेशानियों का सामना करना पड़ा है क्योंकि उन्होंने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

भारतीय कप्तान क्रिसमस की पूर्व संध्या पर अभ्यास के लिए उतरने वाले आखिरी खिलाड़ी थे और कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अभी तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले केएल राहुल की जगह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो राहुल को फिर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति में शुभमन गिल को या तो मध्य क्रम में उतरना होगा या फिर उन्हें ध्रुव जुरेल के लिए जगह खाली करनी होगी।

रोहित मध्यक्रम में असफल रहे और अभी तक तीन पारियों में उनके नाम पर केवल 19 रन दर्ज हैं। अब अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जाता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम का संयोजन कैसा होगा। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया की टीम लय में है, हालांकि वे ब्रिस्बेन के गाबा में तीसरे टेस्ट में जीत हासिल नहीं कर सके। भारत को एमसीजी में खेलने में मजा आता है, खासकर टेस्ट क्रिकेट में। भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 10 टेस्ट जीते हैं, जिनमें से चार मेलबर्न के प्रतिष्ठित स्थल पर जीते हैं। 1977 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में भारत ने 222 रनों से जीत हासिल की थी, जिसके बाद 1981 में सुनील गावस्कर एंड कंपनी ने 59 रनों से जीत हासिल की थी। वास्तव में, भारत ने मेलबर्न में अपना दबदबा दिखाते हुए बैक-टू-बैक टेस्ट जीते थे।



# पिछली यादगार जीत को दोहराने मेलबर्न उतरेगी भारतीय टीम

मेलबर्न, 25 दिसंबर। कल से शुरु होने जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम में पिछली बार वर्ष 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में इसी मैदान पर मिली जीत के दोहराने के इरादे से उतरेगी। भारतीय प्रबंधन को इस टेस्ट में जीत दर्ज करने के लिए चुनौतीपूर्ण निर्णय लेने होंगे। सीरीज के पिछले तीन मुकाबलों में देखा गया है कि भारतीय टीम शीर्षक्रम बल्लेबाजी को लेकर असमंजस की स्थिति रही। अब तक देखा गया है कि फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज ने इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को बिगाड़ दिया है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो क्रिकेट दिग्गज रोहित शर्मा ,केएल राहुल के चरित्र, धैर्य और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। भारत अभी भी बुमराह के पर्याप्त समर्थन और खराब फॉर्म में चल रहे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से काफी अपेक्षा कर रहा है। बल्लेबाजी क्रम में खिलाड़ियों को बदलने के मामले में भारत के पास अधिक विकल्प नहीं हैं। इसलिए वे उम्मीद करेंगे कि कोई के एल राहुल का साथ दे और उनके साथ घंटों बल्लेबाजी कर सके। अगर भारतीय टीम यह टेस्ट हारती है तो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। साथ ही एक दशक के बाद ऐसा होगा, जब ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ कोई टेस्ट श्रृंखला जीतने के बेहद करीब होगा।

## कोलंबो में होने वाली दिव्यांग क्रिकेट चैम्पियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने कहा है कि 12 से 21 जनवरी तक श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित होने वाली दिव्यांग क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम हिस्सा लेगी। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान श्रीलंका और इंग्लैंड भाग ले रहे है। इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम जयपुर में प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। शिविर के दौरान अंतिम टीम का चयन किया जाएगा। चारों टीमों के बीच दो-दो मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 12 जनवरी को भारत और पाकिस्तान की टीम के बीच खेला जायेगा। 13 जनवरी को भारतीय टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी। 15 जनवरी को भारत का मुकाबला श्रीलंका से होगा। इसके बाद 16 जनवरी को फिर भारत और पाकिस्तान के बीच दूसरा मैच होगा। 18 जनवरी को भारत बनाम इंग्लैंड और 19 जनवरी को भारत बनाम श्रीलंका का मैच होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 21 जनवरी को खेला जायेगा।

## द. अफ्रीका की नजरें पाक को टेस्ट श्रृंखला में हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर

सेंचुरियन, 26 दिसम्बर। पाकिस्तान के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला जीतकर दक्षिण अफ्रीका की नजरें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने पर लगी हैं। दक्षिण अफ्रीका को लॉडर्स पर अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिये इस चक्र के बाकी दो में से एक टेस्ट जीतना जरूरी है। कप्तान तेम्बा बावुमा को यकीन है कि उनकी टीम दो टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला में अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। बावुमा ने कहा ,'' अपेक्षाओं का दबाव तो है लेकिन हम श्रृंखला 2 . 0 से जीतने के इरादे से उतरेंगे। हमें पता है कि इसके लिये एक टीम के रूप में हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' दक्षिण अफ्रीका ने टीम में चार तेज गेंदबाजों को शामिल किया है जिनमें 140 किलोमीटर की रफ्तार से गेंद फेंकने वाले कोर्बिन बॉश अपने शहर में टेस्ट पदार्पण करेंगे। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और मार्को जानसेनके साथ डेन पीटरसन और बॉश तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। पिछले छह साल में सेंचुरियन की पिच पर तेज गेंदबाजों की तूती बोली है जिन्होंने 227 विकेट लिये जबकि स्पिनरों को 16 विकेट ही मिले। दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में पाकिस्तान के हाथों 0 . 3 से पराजय झेलनी पड़ी है। इससे उबरकर टेस्ट श्रृंखला में जीत की राह पर लौटना आसान नहीं होगा। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका में 15 में से सिर्फ दो टेस्ट जीते हैं और 12 गंवाये हैं। डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में पाकिस्तान सातवें नंबर पर है और इस चक्र में आकिब जावेद टीम के चौथे मुख्य कोच हैं। मिकी आर्थर और मोहम्मद हाफिज ने एक श्रृंखला के बाद ही पद छोड़ दिया जबकि जैसन गिलेस्पी ने इस टेस्ट से दो सप्ताह पहले ही पद छोड़ा है।

# आरसीए में फिर मचा घमासान धनंजय सिंह की लीक हुई मेल से मामला उजागर

## धनंजय सिंह ने कन्वीनर जयदीप बियानी पर लगाए गंभीर आरोप



जयपुर, 25 दिसम्बर। सरकार ने बीजेपी विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहानी को एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया। कमेटी में सदस्य नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनूं जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिशचंद्र सिंह, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह शेखावत को और वहीं अलवर जिला क्रिकेट संघ के सचिव पवन गोयल को हटाकर उनकी जगह जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा को कमेटी का सदस्य बनाया गया। सरकार ने सरकार ने क्रिकेट को दुरुस्त करने के लिए कमेटी बनाई लेकिन एडहॉक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य धनंजय सिंह ने कन्वीनर जयदीप बियानी पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- आरसीए में चल रही कन्वीनर बियानी की मनमानी। खिलाड़ी चयन में नहीं कोई पारदर्शिता दिखाई नही देती है। कमेटी के बिना सदस्यों को सूचित किए कन्वीनर बियानी ले रहें फैसलें। बिना सदस्यों की सहमति के बदल रहे नियम। खिलाड़ी चयन को लेकर बियानी के ख़िलाफ़ खेल मंत्री को मिल चुकी है शिकायतें। खिलाड़ियों के आक्रोश को धनंजय सिंह ने मेल में किया उजागर। धनंजय सिंह की लीक हुई मेल से मामला उजागर। एडहॉक कमेटी के सदस्य धनंजय सिंह ने कहा कि मैंने मेल कमेटी (बियानी) को किया था। अब जांच का विषय यह है कि मेल लीग कहां से हुई। इसका पता लगाना चाहिये। कमेटी का कौनसा सदस्या है जो मेल लीक करता है।

## संस्कार सारस्वत ने बैडमिंटन में पुरुष युगल चैम्पियन बनकर इतिहास रच दिया

जयपुर, 25 दिसंबर। जयपुर (राजस्थान) के संस्कार सारस्वत ने बंगलुरू में दिनांक 18 से 24 दिसंबर तक आयोजित सीनियर नैशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 में पुरुष युगल का खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया! राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव के के शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्कार सारस्वत राजस्थान के बैडमिंटन इतिहास में सीनियर नैशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं, परिणाम- संस्कार ने अर्श (उत्तर प्रदेश) के साथ मिलकर पुरुष युगल के पहले दौर में प्रियंशु टर्का एवं एएमनुअल को 21-14, 21-18 से, दूसरे दौर में रोहन कुमार सिंह एवं एलान सिंह को 21-6, 21-11 से, प्रिक्वार्टर फाइनल में दूसरी वरियता प्राप्त विष्णुवर्धन गौड़ा पंजाला एवं नितिन को 19-21, 21-19, 21-17 से, क्वार्टर फाइनल मैच में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पृथ्वी राई एवं साईं प्रतीक को 16-21, 21-17 व 24-22, सेमीफाइनल मैच में तीसरी वरियता प्राप्त सुरज ग्वाला व ध्रुव रावत को 14-21, 21-18 व 21-19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया जहा भारत की प्रथम वरियता प्राप्त जोड़ी कर्नाटक के नवीन वी एवं लोकेश पी. को 21-12, 12-21 व 21-19 से हराकर राजस्थान की और से पहली बार सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप जितने का इतिहास बना दिया। संस्कार ने युगल वर्ग के साथ-साथ पुरुष एकल में भी पहली बार क्वार्टर फाइनल खेल राजस्थान के लिए इतिहास बना दिया। इसमें पहले दौर में हिमानीश दास 21-17, 3-0, दूसरे दौर में पूर्व जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी शंकर मुथस्वामी को 13-21, 21-16 व 21-10 से, तीसरे दौर में सातवीं वरियता प्राप्त आर्य भिवपट्टाकी को 21-16, 21-15, प्रिक्वार्टर फाइनल में लक्ष्य शर्मा को 23-21, 21-17 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां अनुभवी खिलाड़ी मिथुन मंजूनाथ से 21-9, 21-9 से हार गए।

संस्कार एडवांस प्रशिक्षण के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ

# जयपुर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन




जयपुर, 25 दिसंबर। जयपुर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन आज मॉडर्न स्कूल जयपुर में संपन्न हुआ जिसमें बालक व बालिका वर्ग में प्रतियोगियो ने बहुत ही आकर्षक खेल का प्रदर्शन कर सभी को अचंभित कर दिया। आयोजन सचिव कृष्ण माहेश्वरी के अनुसार प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है। बालक वर्ग-11 यजत झा विजेता तथा उपविजेता तारुश रहे। बालिका वर्ग 9 में मृग्या पुरोहित विजेता तथा उपविजेता नव्या शर्मा रही। बालक वर्ग 11 में आरव साहनी विजेता तथा उपविजेता आरव माथुर रहे बालिका वर्ग 11 में विजेता आरणा साहनी वह उपविजेता मरिया राजपूत रही। बालक वर्ग 13 में विजेताकुश शुक्ला तथा उपविजेता आरव साहनी रहे। बालिका वर्ग 13 में विजेता आरणा साहनी तथा उपविजेता एश्न्या शर्मा रही। बालक क 15 में विजेता हर्षवर्धन सिंह वह उपविजेता तुषार रामचंदानी रहे बालिका वर्ग 15 में विजेता प्रत्युष शर्मा तथा उपविजेता आरणा साहनी रही।बालक वर्ग 17 में विजेता तुषार रामचंदानी तथा उपविजेता हर्षवर्धन सिंह रहे। बालिका वर्ग 17 में विजेता समृद्धि व्यास तथा उपविजेता नवधा सिंह नेगी रही बालिका वर्ग 19 में समायरा शर्मा तथा उपविजेता समृद्धि व्यास रही। महिला एकल का मुकाबला बहुत रोमांचक रहा जिसमें विजेता समृद्धि व्यास तथा उपविजेता नंदिनी नागोरी रही। प्रतियोगिता में पारितोषिक वितरण फिनोवा कैपिटल के राहुल साहनी तथा समाजसेवी मुदित जैन ने किया साथ ही जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष ललित सिंह तथा सचिव अजय ओझा मौजूद रहे।

## अंडर-23 एकदिवसीय ट्रॉफी में राजस्थान ने सिक्किम को 211 रनों से हराया

### राजस्थान के सचिन यादव की शतकीय पारी

जयपुर, 25 दिसंबर। त्रिवेंद्रम में खेली जा रही बीसीसीआई की अंडर 23 एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने सिक्किम को 211 रनो के विशाल अंतर से हराया, राजस्थान की जीत में सचिन यादव का शानदार आल राउंडरप्रदर्शन। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने सचिन यादव की शानदार शतकीय पारी की सहायता से निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 383 रनोका विशाल स्कोर बनाया। सचिन यादव ने अपनी 179 रनो की पारी में 136 गेंदों का सामना करते हुए 9 छक्के व 14 चोक्केलगाए।टीम के लिए सचिन यादव 179, आयुष अमेरिया 60, धर्मवीर सैनी 49, करण लाम्बा 32 व युवराज सिंह 20 रनो का योगदान दिया। सिक्किम के गेंदबाज रोबिन लीम्बो 51 /7 विकेट प्राप्त किये।सिक्किम पारी 172 /9, टीम के लिए विवेक नाबाद 22 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज मनीष आचार्य 28 /3, सचिन यादव 20/2, समरथ सिंह शेखावत 38 /2, दुष्यंत कच्छावा 21 /1, राहुल चौधरी 25 /1 विकेट प्राप्त करते हुए टीम को जीत दिलाई।

**विजय हजारे ट्रॉफी में कल दिनांक 26 दिसंबर को खेले जाने मैच :** 1) शरद पंवारक्रिकेट अकादमी, बीकेसी, मुंबई राजस्थान - हिमाचल प्रदेश मैच, (2) सवाई मान सिंहस्टेडियम, जयपुर ओडिसा- उत्तराखंड मैच, (3) के एल सैनी स्टेडियम, जयपुर गुजरात - असम मैच, (4) जयपुरिया ग्राउंड, जयपुर झारखण्ड - हरयाणा मैच, (5) सोनी ग्राउंड, जयपुर गोवा - मणिपुर मैच।

# राजस्थान राज्य क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता सम्पन्न




जयपुर, 25 दिसंबर। राजस्थान एथलेटिक्स एसोसियेशन के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान राज्य क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का समापन विधानी जगतपुरा जयपुर के यहां पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। राजस्थान एथलेटिक की सचिव देव नारायण गुर्जर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य भर से लगभग 400 एथलीटों ने भाग लिया।

सचिव गुर्जर ने बताया कि समापन समारोह में अतिथि के रूप में भारतीय क्रीड़ा भारती के राष्ट्रय अध्यक्ष एवम् ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी गोपाल सैनी, ओलम्पिक संघ के महासचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, भगवान सिंह गुर्जर समाज सेवी, नेमी सिंह गुर्जर संयुक्त सचिव राजस्थान कबड्डी संघ उपस्थित रहे। इस दौरान राजस्थान एथलेटिक संघ की अध्यक्ष शारदा देवी जादम तथा कोषाध्यक्ष कार्तिकेय शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता परिणाम निम्न प्रकार रहे -

पुरुष वर्ग 10 किमी. दौड़ - नरेश चोपडा टोंक प्रथम, अतुल पूनिया चूरू द्वितीय, मुकेश कुमार ए यू फाउंडेशन तृतीय।

पुरुष अंडर 20 आठ किमी. दौड़ - रिजवान अलवर प्रथम, योगेश गुर्जर कोटा द्वितीय दिलीप सिंह श्रीगंगानगर।

पुरुष अंडर 18 छह किमी. दौड़- गौरव शर्मा अलवर प्रथम, रोहित कुमार भरतपुर द्वितीय, अनमोल गिलहोत्रा श्रीगंगानगर तृतीय।

बालक अंडर 16 दो किमी. दौड़- दक्षवीर सिंह प्रथम पंकज चूरू द्वितीय लोकेश अलवर तृतीय।

महिला वर्ग 10 किमी दूरी दौड़- चतरू सीकर प्रथम, निर्मला चूरू द्वितीय, प्रियंका कसाना सीकर तृतीय।

महिला अंडर 20 6 किमी. दौड़ - मंजू चौधरी झुन्झुनू प्रथम, सुशीला प्रजापत नागौर द्वितीय, ममता चौधरी जोधपुर तृतीय।

महिला अंडर 18 4 किमी. दौड़- मुक्ता हनुमानगढ़ प्रथम, पायल राठौड़ स्पोर्ट्स काउंसिल एकेडमी द्वितीय, गंगा जोधपुर तृतीय।

अंडर 16 दो किमी. दौड़- दीपिका श्रीगंगानगर प्रथम, आरती नागौर द्वितीय, पायल कंवर स्पोर्ट्स काउंसिल एकेडमी तृतीय। सचिव देव नारायण गुर्जर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## महावीर स्कूल एलुमिनी क्रिकेट लीग में जीत गुरुजन को समर्पित : पूनिया



जयपुर, 25 दिसंबर। जयपुर की प्राचीनतम स्कूल में शुमार महावीर स्कूल में प्रतिवर्ष एलुमिनी क्रिकेट लीग का आयोजन होता रहा है। एलुमिनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने वाले इस रजत जयंती वर्ष में रविवार 22 दिसंबर को 4 टीम के 60 खिलाड़ियों की एक चैंपियन शिप लीग आयोजित की गई जिसमे देवराज महावीर टीम ने फाइनल रोमांचक नजदीकी मुकाबले में जीत कर खिताब अपने नाम किया। देवराज महावीर टीम के मालिक और कैप्टन मशहूर क्रिकेटर, उद्योगपति राम कुमार पुनिया ने इस जीत को अपने गुरुजन को समर्पित करते हुए बताया आगामी वर्ष में वे स्कूल एलुमिनी के लिए क्रिकेट और अन्य खेल गतिविधियों के आयोजन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते रहेंगे। गौरतलब है राम कुमार पुनिया उद्योगपति होने के साथ एक क्रिकेट एकेडमी भी चलाते है। और इस लीग में उनकी टीम के जीत में उनके कप्तानी और ऑल राउंडर स्किल की भूमिका की सभी दर्शकों ने सराहना की।

# अद्विका, आराध्या, अपेक्षा, पदमजा सिंह अंडर-15 लड़कियों के सेमीफाइनल में



जयपुर, 25 दिसंबर। ओएन दीक्षित मेमोरियल जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में आज लड़कियों के अडर-15 आयु वर्ग में क्वाटर फाइनल खेले गए। इसमें प्रथम वरीयता प्राप्त अदविका अग्रवाल ने आराध्या शर्मा को 21-9, 21-10 आसान गेम में परास्त किया वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त आराध्या ढींगरा ने ओजस्विता दवे को 21 - 14, 21 -14 से हराया तथा तीसरी वरीयता प्राप्त अपेक्षा चौधरी ने रिद्धि सेठिया को तीन संघर्ष भरे गेम में 18 -21, 21- 15, 21- 14 से परास्त किया। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त पदमजा सिंह पर्ल पारिक को 21-11, 21 -17 से हरा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर -11 लड़कियों में मिराया फगेरिया, स्वरा तक्षाली, राशी सिंगल व आराध्या बिश्नोई सेमीफाइनल में पहुंची। लड़कों के अंडर-11 के क्वार्टर फाइनल में जय सैनी, गर्वित दहिया, शिव चौहान, अद्विक जैन, आराध्य जांगिड़, लक्षित रेवार, विहान टाँक, जियांश मीणा पहुंचे। इनके अलावा आज बॉयज अंडर 15 और अंडर 13 मे तीसरे और चौथे राउंड खेले गए। कल प्री-क्वार्टर व क्वार्टर फाइनल खेले जाएंगे। लड़कों के 17 के दो राउंड भी आज खेले गए।

## नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता : 50 मीटर राइफल प्रोन ईवेंट में दो गोल्ड व एक कांस्ट पदक व राजस्थान की शॉटगन स्कीट की मिक्सड टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर रचा इतिहास

जयपुर, 25 दिसंबर। डा. करणीसिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद नई दिल्ली पर आयोजित 67वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में आज का दिन रहा राजस्थान की महिला खिलाडियो के नाम 50 मीटर राईफल प्रोन ईवेन्ट में दो गोल्ड व एक ब्रांज मेडल व राजस्थान की शॉटगन स्कीट की मिक्सड टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर रचा इतिहास।

डा. करणीसिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद नई दिल्ली पर आयोजित 67वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता राईफल 2024 में 50 मीटर प्रोन व्यक्तिगत ईवेन्ट में माननी कौशिक ने स्वर्ण पदक हासिल कर नया नेशनल रिकार्ड बनाया। 50 मीटर प्रोन सिविलियन वूमेन टीम केटेगिरी में स्वीटी चौधरी, मोनिका जाखड व ख्वाईस शर्मा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

50 मीटर राईफल प्रोन की नेशनल टीम केटेगिरी में माननी कौशिक, स्वीटी चौधरी व मोनिका जाखड ने ब्रांज




मेडल अपने नाम किया। डा. करणीसिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद नई दिल्ली पर आयोजित 67वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप शॉटगन प्रतियोगिता 2024 में पेरिस



ओलंपिक 2024 की जोडी महेश्वरी चौहान व अन्नतजीत सिंह नरूका ने शॉटगन स्कीट मिक्सड टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर नया कीर्तिमान बनाया।




*केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के "सहकार से समृद्धि" कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर किसानों को ऋण उपलब्धता में सुगमता के लिए किसान क्रेडिट कार्ड का नवाचार किया गया।*

# दस हजार समितियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी

## अमित शाह के "सहकार से समृद्धि" कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े

■ **गृह मंत्री ने कहा, वाजपेयी ने सहकारिता को मुख्य धारा में लाने के विशेष प्रयास किये थे। प्रधानमंत्री ने आगामी पाँच साल में 2 लाख नये पैक्स बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।**

जयपुर, 25 दिसंबर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर देश भर में 10 हजार नवगठित एम-पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। साथ ही, इन नवगठित पैक्स के बहुउद्देशीय बनने से ग्रामीण स्तर पर संसाधनों की सुगम उपलब्धता संभव हो सकेगी एवं ग्रामीणों को त्वरित सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

शाह बुधवार को नई दिल्ली में "सहकार से समृद्धि" अभियान कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम से इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। इस अभियान के तहत, देश भर में 10 हजार नवगठित एम-पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया। चयनित समितियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर शाह ने राजस्थान के अलवर जिले से घेवर पैक्स के अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा को पंजीकरण का प्रमाण पत्र दिया।

शाह ने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनता की आवाज बनकर हम सबका मार्गदर्शन किया। उन्होंने देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र, कारगिल विजय, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और भाषाओं को जीवंतता देने के लिए संगठित प्रयास जैसे अनेक काम किए, जिससे देश को नई दिशा मिली। उनका पूरा जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अटल ने सहकारिता को मुख्य धारा में लाने के लिए भी विशेष प्रयास किए। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया और आगामी पांच सालों में 2 लाख नए पैक्स बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने अपने संबोधन में कहा कि आज पैक्स के कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का अनावरण किया गया है और निष्क्रिय पैक्स के लिक्विडेशन के लिए भी एसओपी जारी की गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वाजपेयी की जन्म शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में हम सुशासन दिवस बना रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन और कार्यों के माध्यम से हमें यह सिखाया है कि सुशासन का अर्थ आमजन को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है और सहकारिता उसका सबसे बड़ा माध्यम है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री की पहल पर "सहकार से समृद्धि" अभियान शुरू किया है, जिसके माध्यम से बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों, डेयरी समितियों और मत्स्य सहकारी समितियों को सशक्त किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में करीब 8000 ग्राम सेवा सहकारी समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए काम कर रही हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि इन समितियों में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाए, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हों।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक और डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने अपने संबोधन में प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 'मारवाड़ी समाज ने देश में राजस्थान का नाम रोशन किया'

## कोलकाता में मारवाड़ी सम्मेलन के समारोह में देवनानी ने प्रवासी राजस्थानियों से संवाद किया

जयपुर, 25 दिसंबर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता के जी.डी.बिड़ला सभागार में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 90 वें स्थापना दिवस समारोह में देश-विदेश में राजस्थान का मान बढ़ा रहे प्रवासी बंधुओं से संवाद किया। देवनानी ने कहा कि मारवाड़ी सिर्फ एक समाज और पहचान ही नहीं, बल्कि समृद्ध विरासत, भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को सहेजे हुए है। मारवाड़ी जहाँ भी जाते है, वहाँ अग्रणी रहकर सभी को साथ लेकर प्रगति में भागीदारी निभाते हैं। राजस्थान प्रदेश के लोगों ने दूसरे प्रदेशों में जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाया है और वे अपने उद्योगों के बल पर नौकरी देने वाले बने हैं। देवनानी ने स्नेह और सम्मान देने के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि राजस्थान के लोगों ने देश के हर प्रदेश में और विदेश में अपनी मेहनत से अपना बेहतर स्थान बनाया है। राजस्थान के लोग अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं, जिससे उनकी पहचान बन रही है और प्रदेश का नाम भी रौशन हो रहा है।

■ **राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मारवाड़ी अपने में समृद्ध विरासत, भारतीय संस्कृति, संस्कार व परम्परायें सहेजे हुए हैं।**



*विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता प्रवास के दौरान तेरापंथ भवन में जैन मुनि जिनेश कुमार का आशीर्वाद लिया।*

इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा, पद्मश्री प्रहलाद राय अगरवाला, नंदलाल रुंगटा, हरिप्रसाद कनोडिया, राम अवतार पोद्दार, संतोष सर्राफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी सहित, बड़ी संख्या में मारवाड़ी बंधुओं की उपस्थिति रही।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कोलकाता प्रवास के दौरान, बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति की ओर से कोलकाता के नेता जी सुभाष चंद्र बॉस रोड पर निर्धनों को कंबल वितरण किये। वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता प्रवास के दौरान तेरापंथ भवन में जैन मुनि जिनेश कुमार का आशीर्वाद लिया। देवनानी ने कहा कि त्याग और समर्पण के साथ मुनि दिनेश कुमार प्रभु महावीर के संदेशों को प्रसारित कर रहे है। उन्होंने महान व्यक्तित्व को वंदन किया।

## ऑरिएंटल इंश्योरैंस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अस्पताल में कार्यरत है। बीमा कंपनी ने उसकी 3 फरवरी, 2017 से 2 फरवरी, 2018 की अवधि की डॉक्टर्स बीमा पॉलिसी की थी, जिसके तहत चिकित्सीय पेशे से बीस लाख रुपए तक की आर्थिक देनदारी होने पर उसका भुगतान बीमा कंपनी को करना था।

इस दौरान एक मरीज ने परिवादी व अन्य चिकित्सकों के खिलाफ ऑपरेशन में लापरवाही को लेकर उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया था।

आयोग ने मामले में कुल 50 लाख रुपए का क्लेम तय करते हुए इसमें से दस लाख रुपए परिवादी को अदा करने को कहा। इसके बाद, प्रकरण सुप्रीम कोर्ट तक चला, लेकिन चिकित्सकों को राहत नहीं मिली। इस पर परिवादी ने बीमा कंपनी के समक्ष दस लाख रुपए का क्लेम पेश किया, लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। इस पर चिकित्सक की ओर से जिला आयोग में परिवाद पेश किया गया।

इसके जवाब में बीमा कंपनी के अधिवक्ता ने कहा कि परिवादी ने बीमा शर्त के तहत, तय समय पर न्यायिक कार्रवाई की जानकारी बीमा कंपनी को नहीं दी थी।

ऐसे में वह क्लेम देने के लिए बाध्य नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आयोग में बीमा कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए क्लेम राशि ब्याज सहित अदा करने को कहा है।

## क्या होगा दिल्ली ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शामिल है।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जनता को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पास आज तक ऐसी कोई भी कथित "संजीवनी योजना" अस्तित्व में नहीं है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने न तो किसी स्वास्थ्य अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को बुजुर्ग नागरिकों से ऐसी व्यक्तिगत जानकारी और डेटा एकत्र करने के लिए अधिकृत न तो किया है, न ही विभाग इस संबंध में कोई कार्ड प्रदान कर रहा है।

इस बात पर जोर दिया जाता है कि चूंकि ऐसी कोई योजना मौजूद नहीं है, इसलिए ऐसी गैर-मौजूद योजना के तहत पंजीकरण के लिए - भौतिक फॉर्म आवेदन का सवाल ही नहीं उठता है और किसी भी निजी व्यक्ति/राजनीतिक दल द्वारा "संजीवनी योजना" के नाम पर ऐसे भौतिक फॉर्म आवेदन या आवेदकों से जानकारी एकत्र करना धोखाधड़ी और बिना किसी अधिकार के है। इसलिए कथित गैर-मौजूद "संजीवनी योजना" के तहत मुफ्त इलाज के किसी भी वादे पर विश्वास न करें।

## करंट से मौत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बालकनी में खड़ा था। इस दौरान, पास से जा रही 11 केवी विद्युत लाइन के नंगे तार रेलिंग के संपर्क में आ गए, जिससे रामकिशोर की करंट से मौत हो गई।

बिजली कंपनी को कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नंगे तारों को न तो रबड कोटेड किया गया और न उन्हें वहां से शिफ्ट किया गया। ऐसे में उसके आश्रित परिवादियों को घातक दुर्घटना अधिनियम के तहत मुआवजा दिया जाए।

इसका विरोध करते हुए डिस्कॉम की ओर से कहा गया कि रामकिशोर की ओर से बिजली चोरी के लिए लगाए गए अवैध तार को हटाने के दौरान, एचटी लाइन के संपर्क में आने से दुर्घटना हुई थी और उसके लिए मृतक स्वयं जिम्मेदार था। इसलिए परिवाद को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने डिस्कॉम पर हर्जाना लगाया है।

## हाइवे के किनारे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में अद्वितीय पहल होगी। इससे सड़क सुरक्षा में वृद्धि के फलस्वरूप, राष्ट्रीय राजमार्ग ज्यादा सुरक्षित होंगे ही, आवारा पशुओं का ध्यान रखने की मानवीय आवश्यकता भी पूरी होगी। ये कन्सेशनायर आवारा पशुओं के मालिक का पता लगाने में सरकार की मदद करेंगी तथा यह सुनिश्चित करेगी कि उनके आवारा पशुओं के रहने तथा खाने-पीने पर हुये खर्च का भुगतान होने, उनके पशु उन्हें वापस किये जा सकें।

## सूचना ...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

नागरिकों के मुफ्त चिकित्सा उपचार की योजना की घोषणा की है। इन योजनाओं के लिए पंजीकरण से भाजपा परेशान है। दिल्ली कैबिनेट ने पहले ही 1000 रुपये भत्ते को मंजूरी दे दी है और एक अधिसूचना जारी की गई है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमें सूत्रों से खबर मिली है कि चुनाव से पहले सीएम आतिशी को गिरफ्तार करने की तैयारी है। ईडी, सीबीआई और आईटी को बोल दिया गया है। ट्रांसपोर्ट विभाग में कुछ गड़बड़ी दिखाकर आतिशी को गिरफ्तार करेंगे। महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा को बंद करने के लिए आतिशी को गिरफ्तार करेंगे।

## 2025 में भारत की पर्यटन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और कहा कि इस क्षेत्र में भारत अग्रणी अर्थव्यवस्था है।

द वर्ल्ड टूरिज़्म ऑर्गनाइजेशन डब्ल्यु.टी.टी.सी. की भविष्यवाणी की पुष्टि करता है और इसका अनुमान है कि 2024 के अंत तक अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन महामारी के पहले वाले स्तर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न रिपोर्ट्स में भारत के लिए मजबूत वापसी की बात कही गई है।

बुकिंग डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक भारत आ रहे पर्यटकों से होने वाली आय 2019 से भी आगे निकल जाएगी और इसमें बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, नए बाजार, पर्यटकों द्वारा ज्यादा खर्च करने का अहम योगदान होगा।

फोकस राइट्स का विश्लेषण कहता है कि भारत का ट्रैवल मार्केट फिर से तेजी के पथ पर अग्रसर है, जिसमें 2021 में बुकिंग में 91 प्रतिशत वृद्धि हुई और बुकिंग 19.1 अरब डॉलर पहुंच गई, जबकि 2020 में 69 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

स्टैटिस्टा का अनुमान है कि भारत का ट्रैवल एवं टूरिज़्म बाजार 2024 से 2029 के बीच 8.87 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा और 2029 तक इसका बाजार मूल्य 34.11 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

वैश्विक पर्यटन के 2025 में 1.6 अरब तक पहुंचने का अनुमान है जो आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देगा। लेकिन इससे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ बढ़ सकती है, जो चिंता का विषय है। अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों का सर्वाधिक आकर्षण यूरोप के प्रति रहेगा, वहीं, एशिया का पर्यटन खर्च यूरोप के समकक्ष पहुंच सकता है खासकर थाइलैंड और इंडोनेशिया की वीसा नीति से राहत की वजह से। चीन के बाहर जाने वाले पर्यटकों की संख्या भी महामारी से पहले वाले स्तर को पार कर जाएगी, पर चीन के पर्यटक विदेशों में खरीददारी को शायद तवजजो न दें। बहुत सारी एयरलाइन्स कार्बन उत्सर्जन घटाने के "कोर्सिया एमिशन रिडक्शन पैक्ट "को अपना रही है, फिर भी ग्रीन हाउल गैस उत्सर्जन में भी पर्यटन का भारी योगदान बने रहने की संभावना है।

# प्रदेश की हर ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र खुलेंगे

## मु.मंत्री भजनलाल ने वाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस पर घोषणा की

■ **उन्होंने कहा, इन केन्द्रों पर लाइब्रेरी और ई-लाइब्रेरी की सुविधायें विकसित की जायेंगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा स्व अध्ययन व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकें।**

जयपुर, 25 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र शुरू करने की घोषणा की है। शर्मा ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षण सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत पर चरणबद्ध रूप से अटल ज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इन केन्द्रों के लिए स्थानीय युवक-युवती का अटल प्रेरक के रूप में चयन किया जायेगा। इससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के स्व-अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा आमजन में पढ़ने की प्रवृति को प्रोत्साहित करने के लिए अटल ज्ञान केन्द्रों पर लाइब्रेरी एवं ई-लाइब्रेरी की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही, इन केन्द्रों पर कैरियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शर्मा ने कहा कि पात्र व्यक्तियों एवं परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए अटल प्रेरक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ई-मित्र की तर्ज पर, इन केन्द्रों पर भी कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन के अतिरिक्त जाति, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र, मूल निवास एवं राशन कार्ड इत्यादि जन-सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे ग्रामीण स्तर पर आमजन के कार्य सुगम रूप से सम्पादित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन केन्द्रों के विकास पर लगभग 500 करोड़ रुपये का व्यय करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न वाजपेयी की स्मृति में राज्य सरकार ने 26 दिसम्बर को प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर अटल जन सेवा शिविर आयोजित करने का निर्णय भी किया है। साथ ही, हमारी सरकार ने ई-गवर्नेंस अवार्ड का नाम बदलकर अटल ई-गवर्नेंस अवार्ड और राजकीय विद्यालयों के कंप्यूटर कक्ष का नामकरण अटल कंप्यूटर कक्ष करने का निर्णय भी किया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म, अभियुक्त को 20 साल की सजा

जयपुर, 25 दिसंबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त युवक मयंक को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर 1.76 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जबकि प्रकरण में एक अन्य युवक रवि कुमार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा है। पीठासीन अधिकारी हेमराज गौड़ ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे न केवल शारीरिक क्षति पहुंचाई, बल्कि उसे मानसिक प्रताड़ित भी किया। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान और पीड़िता की ओर से अधिवक्ता नीलम चौहान ने अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने 15 मई, 2023 को प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी 14 साल की बेटी घर के पास दुकान पर सामान खरीदने गई थी। इस दौरान युवक उसका अपहरण कर महल इलाके के जंगल में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता घर नहीं आई तो परिजनों ने उसे तलाश किया। इस दौरान, वह बेसुध सडक़ किनारे मिली। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों युवकों के डीएनए सैंपल लिए, जो पीड़िता के कपड़े और शरीर से लिए गए सैंपल से मैच हो गए। इस पर पुलिस ने अभियुक्त मयंक को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरा आरोपी युवक फरार हो गया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने आपबीती अदालत को सुनाई। इस पर अदालत ने डीएनए रिपोर्ट और पीड़िता के बयान के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई है।

■ **अदालत ने आरोपी पर 1.76 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया। मामले में एक अन्य अभियुक्त फरार चल रहा है।**

# प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया

## मोदी ने कहा, वाजपेयी ने देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना की थी

■ **उन्होंने कहा कि इस परियोजना से मध्य प्रदेश के 10 जिलों को 44 लाख किसान लाभांवित होंगे।**

खजुराहो, 25 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर खजुराहो में देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में "केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना" का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा मौजूद थे।

मोदी ने यहां आयोजित भव्य कार्यक्रम में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करने के साथ ही खंडवा जिले की ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना देने वाले वाजपेयी की जयंती पर यह परियोजनाएं मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही हैं।

मोदी ने मंच पर ही केन और बेतवा नदी के जल से भरे कलशों से जल को प्रवाहित कर केन -बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया।

दो प्रमुख नदियों केन और बेतवा को आपस में जोड़ने से संबंधित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के 10 जिलों में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

इस परियोजना से उत्तरप्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी और मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तरप्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

# अज़रबैजान का प्लेन क्रैश, 42 लोगों के मरने की आशंका

■ **कज़ाकिस्तान में कैस्पियन सागर के पास प्लेन क्रैश हुआ और उसमें आग लग गई।**

नूर-सुल्तान (कजाकिस्तान), 25 दिसंबर। कज़ाकिस्तान में अज़रबैजान का प्लेन क्रैश होने की खबर मिली है। इसमें 67 यात्री सवार थे। प्लेन क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई है। राहत और बचाव दल मौके पर हैं। दुर्घटना में 42 लोगों के मारे जाने की आशंका है। कज़ाकिस्तान के मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 25 लोगों को बचा लिया गया है। एक वीडियो में दिखाया गया है कि विमान तेजी से ऊंचाई से नीचे की ओर गिर रहा है और दाईं ओर झुकना शुरू कर देता है। बाद में यह एक खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग की लपटों में घिर गया। कहा जा रहा है कि यह अज़रबैजान एयरलाइंस का एक यात्री विमान था, जो कज़ाकिस्तान के अक्ताउ शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह एम्ब्रेयर 190 विमान अज़रबैजान की राजधानी बाकू से रूस के चेचन्या में ग्रज़ोनी जा रहा था, लेकिन वहां कोहरे के कारण उसका मार्ग बदल दिया गया। विमान में चालक दल के पांच सदस्यों के साथ 62 यात्री सवार थे।दुर्घटना में कुछ लोग बच गए हैं। मगर बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। यह हादसा एयरपोर्ट के बिलकुल करीब हुआ। कथित तौर पर विमान ने आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध करते हुए कई चक्कर लगाए, लेकिन वह अचानक रुक गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908